अध्याय –तीन

विभाग के अन्तर्गत आने वाले निगम, उपक्रम व संस्थाओं का विवरण

1.5 मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम

1.5.1 निगम का गठन –

राष्ट्रीय कृषि आयोग की अंतरिम रिपोर्ट, 'प्रोडक्शन फॉरेस्ट्रीः मैन–मेड फॉरेस्ट्स' (1972) के प्रतिवेदन अनुसार Companies Act, 1956 (वर्तमान में Companies Act, 2013) के प्रावधानों के अन्तर्गत म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि. की स्थापना दिनांक 24 जुलाई, 1975 को किया गया था। स्थापना के समय वन विकास निगम की अधिकृत अंशपूंजी राशि रु. 20.00 करोड़ की थी। म.प्र. राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के अनुसरण में दिनांक 01 अप्रैल 2001 को मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लि. का विभाजन, 40:60 के अनुपात में किया जाकर छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लि. एवं म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि. (क्रमशः) के मध्य किया गया। 31 अक्टूबर 2006 से निगम की अधिकृत अंशपूंजी राशि रु. 20.00 करोड़ से बढ़ाकर राशि रू. 40.00 करोड़ की गई। वर्तमान में निगम की प्रदत्त अंशपूंजी रु. 39.32 करोड़ है, जिसमें से केन्द्र शासन का अंशदान रु. 1.39 करोड़ एवं मध्यप्रदेश शासन का अंशदान रु. 37.93 करोड़ है।

1.5.2 गतिविधियां एवं उपलब्धियां

वन विभाग द्वारा हस्तांतरित किये गये वनक्षेत्रों में वर्ष 1975 से 2019 तक सागौन/बांस/अन्य वृक्षारोपण क्षेत्र का विवरण तालिका क्रमांक– 1.39 में दर्शित है।

तालिका क्रमांक – 1.39

क्र.	परियोजना मण्डल	कार्य क्षेत्र (हे.)	उपचारित वनक्षेत्र (हे.में)	प्रजातिवार वृक्षारोपण (हे.में)		
				सागौन	बांस	अन्य
1	खण्डवा	35,284.510	25038	24401	237	400
2	सीहोर	26,518.859	11218	10739	12	467
3	विदिशा–रायसेन	40,538.160	26524	26117	308	99
4	बरघाट	50,584.017	38881	31030	6081	1770
5	छिंदवाडा	28,104.010	22451	22052	293	106
6	लामटा	52,449.379	44705	34688	9245	772
7	रामपुर–भतौडी	33,714.559	38979	25906	10525	2548
8	कुण्डम	39,883.440	37948	30618	4983	2347
9	मोहगांव	65,954.360	51840	43892	6863	1085
10	रीवा–सीधी	19,184.138	9434	6785	2076	573
11	उमरिया	31,800.680	29566	25364	4051	151
	योग	**424,016.112**	**336584**	**281592**	**44674**	**10318**

डिपॉजिट मद के अन्तर्गत विगत 4 वर्षों तक विभिन्न संस्थानों में उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई भूमि एवं वित्तपोष से 31.43 लाख पौधों का रोपण किया गया है।

विगत 4 वर्षों के डिपॉजिट वृक्षारोपण का परियोजना मण्डलवार विवरण तालिका क्रमांक–1.40 मे दर्शित है।

तालिका क्रमांक – 1.40

पौधे–संख्या में

मंडल का नाम	संस्था का नाम	2017	2018	2019	2020
छिन्दवाड़ा	(WCL)	125,000	200,000	135,000	
	(NHAI)	-	13,520		
	(Railway)			44,440	
उमरिया	(SECL)	185,000	213,000	1,47,000	322,500
	Railwa				32,500
सीधी	(NCL)	299,750	248,500	4,30,450	323,385
	(NTPC)	30,000	25,000		10,000
	(NTPC वी. नगर) NHAI			20,000	
लामटा	(MOIL Manganese Ore India Ltd.)	45,000	-	3,520	
	(TAMRA Transparency, Auction Monitoring and Resource Augmentation) Malajkhand				
	(Railway)			34,753	
रामपुर भतौड़ी	(AKVN)	17,000	19,310		
	(NHAI)	-	10,880		
	(Coca cola)			2,700	
विदिशा–रायसेन	(AKVN)	4,000	-	20,000	
	(NHAI)			74,400	
खंडवा	(Singhaji Taap grih)	36,200	-	28,600	
	(NTPC)				
बरघाट	(NTPC)	-	10,500	6,664	
	(NHAI)	-	12,400		
सीहोर	(AKVN)	10,000	-	2,000	
	योग	**7,51,950**	**7,53,110**	**9,49,527**	**6,88,385**
	महायोग	**3,142,972**			

- निगम के अधिपत्य के वनभूमि में डिपॉजिट मद के अन्तर्गत हैवल्स इंडिया, सामी लैब, एन.टी.पी.सी. द्वारा उपलब्ध कराये गये वित्त पोष से वर्ष 2016 से 2020 तक 1714 हे. वनभूमि में सागौन, बांस एवं बीजा प्रजाति वृक्षारोपण किया गया है विवरण तालिका क्रमांक–1.41 मे दर्शित है।

तालिका क्रमांक– 1.41

क्र.	परियोजना मण्डल	संस्था का नाम	योजना का नाम	वृक्षारोपण क्षेत्र (हे.में)				
				2017	2018	2019	2020	योग
1	खण्डवा	NTPC	कार्बन सिंक	52	85	85	-	330
2	सीहोर	NTPC	कार्बन सिंक	97	70	81	-	460
		हैवल्स इंडिया	निगमित सामाजिक दायित्व	-	66	-	-	66
3	विदिशा–रायसेन	हैवल्स इंडिया	निगमित सामाजिक दायित्व	-	-	222	185	407
4	बरघाट	NTPC	कार्बन सिंक	34	-	-	-	86
5	लामटा	सामी लैब	निगमित सामाजिक दायित्व	-	12	12	15	39
6	रीवा–सीधी	NTPC	कार्बन सिंक	115	108	80	23	326
	योग			298	341	480	223	1714

- एन.पी.वी. मद के अन्तर्गत शासन से प्राप्त वित्तपोष से 7 वर्षीय योजना के अन्तर्गत विशेषज्ञ संस्था के रूप में विदिशा–रायसेन, सीहोर एवं खण्डवा परियोजना मण्डल में वनमण्डल से प्राप्त वनक्षेत्र में वर्ष 2020 में 2275 हे. में बिगडे वनो के सुधार कार्य के तहत वृक्षारोपण किया गया है।

तालिका क्रमांक– 1.42

वर्ष 2020 मे कैम्पा (एन.पीव्ही.) मद सें RDF क्षेत्रों में वृक्षारोपण

क्र.	परियोजना मण्डल	क्षेत्रफल (हे.में)	पौधा संख्या (लाख में)
1	खण्डवा	580	8.46
2	विदिशा–रायसेन	1420	20.26
3	सीहोर	275	3.58
	योग	**2275**	**32.30**

1.5.3 वर्ष 2020–21 में आगामी वर्ष के लिये निर्धारित लक्ष्यः

तालिका क्रमांक– 1.43

वर्ष 2021 में रोपणियों में सागौन रूटशूट का लक्ष्य

(रूटशूट लाख में)

क्र.	परियोजना मण्डल	रोपणी का नाम	बेड संख्या	सागौन रूटशूट	आवश्यकता (अनुमानित)	अतिरिक्त (अन्य मण्डलों के लिये) रूटशूट
1	2	3	4	5	6	7
1	खण्डवा	राजौर, नर्मदानगर	11000	55.00	44.71	10.29
2	सीहोर	मट्ठागांव	6200	31.00	36.15	-5.15
3	विदिशा–रायसेन	पैगुआई	10000	50.00	31.89	18.11
4	बरघाट	ढूटी, हिरी. ंसंगम	2000	10.00	6.61	3.39
5	छिंदवाड़ा	लावाघोघरी	1500	7.50	8.95	-1.45
6	लामटा	कंटगा, कनकी	4750	23.75	12.60	11.15
7	रामपुर–भतोड़ी	सांपना	1200	6.00	5.00	1.00
8	कुण्डम	बेलकुंड	3000	15.00	13.43	1.57
9	मोहगांव	कंचनगांव	3500	17.50	14.08	3.42
10	रीवा–सीधी	जियावन	500	2.50	6.83	-4.33
11	उमरिया	चंदिया	2500	12.50	15.00	-2.50
	योग	**14**	**46150**	**230.75**	**195.25**	**35.50**

अतिरिक्त सागौन रूटशूट 48.93 लाख में से 4 परियोजना मण्डलों में कमी 13.43 लाख सागौन रूटशूट की पूर्ति समीप के परियोजना मण्डल से की जायेगी। अतः अन्य वन मण्डलों के लिये प्रदाय हेतु 35.50 लाख रूटशूट उपलब्ध रहेगें।

कटंगा नर्सरी, लामटा परियोजना मंडल बालाघाट, फोटो दिनांक 20.05.2020

तालिका क्रमांक– 1.44

वर्ष 2021 में वृक्षारोपण लक्ष्य

क्र.	परियोजना मण्डल	वर्ष 2020 में प्रस्तावित सागौन रोपण हेतु अनुमानित उपलब्ध क्षेत्र (हे. में.)		लक्ष्य पौधा संख्या (लाख में)
		ग्रॉस	नेट	
1	खण्डवा	1322	1100	27.50
2	सीहोर	1073.232	850	21.25
3	विदिशा–रायसेन	553.142	450	11.25
4	बरघाट	297.00	215	5.38
5	लामटा	547.00	450	11.25
6	कुण्डम	525.00	450	11.25
7	मोहगांव	575.040	450	11.25
8	रीवा–सीधी	220.990	200	5.00
9	छिन्दवाड़ा	400.00	200	5.00
10	रामपुर–भतौड़ी	400.00	200	5.00
11	उमरिया	692.305	600	15.00
	योग	**6605.709**	**5165**	**129.13**

* वर्ष 2020–21 के विदोहन एवं पुनरूत्पादन कार्य के प्रस्ताव स्वीकृति हेतु भारत सरकार के पास लंबित है। निर्धारित किये गये रोपण लक्ष्य अनुमानित है, भारत सरकार से पातन की अनुमति प्राप्त होने पर ही उपरोक्तानुसार वृक्षारोपण लक्ष्य वर्ष 2021 की उपलब्धि प्राप्त होना संभव हो सकेगी।

तालिका क्रमांक– 1.45

वर्ष 2021 में डिपॉजिट वृक्षारोपण लक्ष्य

क्र.	परियोजना मण्डल	संस्थान	लक्ष्य पौधे संख्या (लाख में.)
1	रीवा–सीधी	NCL	2.42
2	छिन्दवाड़ा	WCL (महाराष्ट्र)	1.50
		WCL (महाराष्ट्र)	4.00
3	उमरिया	SECL	2.20
4	छिन्दवाड़ा, बरघाट, रामपुर–भतौड़ी	राष्ट्रीय सड़क विकास प्राधिकरण (NHAI)	0.11
5	विदिशा–रायसेन	म.प्र. सड़क विकास निगम	0.31
	योग		**10.54**

तालिका क्रमांक–1.46

वर्ष 2021 में बिगड़े वनों के सुधार के अन्तर्गत कैम्पा (एन.पी.वी.) मद में वृक्षारोपण

क्र.	परियोजना मण्डल	प्रस्तावित उपचारित क्षेत्रफल (हे.में)	लक्ष्य पौधा संख्या (लाख में)
1	खण्डवा	770	10.12
2	सीहोर	745	9.80
3	विदिशा–रायसेन	880	11.57
4	छिन्दवाड़ा	300	3.95
	योग	**2695**	**35.44**

तालिका क्रमांक–1.47

विगत चार वर्षों की राजस्व प्राप्ति

क्रमांक	वर्ष	राजस्व प्राप्ति (करोड़ रू.)
1	2017–18	246.31
2	2018–19	241.04
3	2019–20	267.00
4	2020–21	114.98 (लगभग)

केन्द्रीय कार्यालय भारत सरकार, पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन भोपाल द्वारा वर्ष 2020–21 हेतु पातन की अनुमति न मिलने एवं कुछ कार्य आयोजनाएं स्वीकृत करने में विलंब के फलस्वरूप राजस्व प्रभावित हुआ है।

1.5.4 लीज़ रेन्ट एवं डिविडेंडः

म.प्र. शासन के पत्र क्रमांक 25/11/79/10/2 दिनांक 14.11.2019 के परिपालन में वन विभाग से वन विकास निगम को हस्तांतरित वनक्षेत्र (क्रॉप–I) में स्वीकृत कार्य आयोजना के अनुसार विदोहित काष्ठ विक्रय से प्राप्त नेट राजस्व को म.प्र. शासन को लीज़ रेन्ट के रूप में भुगतान किया जाता है। वन विकास निगम को क्रॉप–I से प्राप्त राजस्व की 2 प्रतिशत राशि कमीशन के रूप में प्राप्त होती है। निगम द्वारा म.प्र. शासन वन विभाग को वर्ष 2018–19 तक कुल राशि रु. 892.25 करोड़ लीजरेंट का भुगतान/समायोजन किया गया है।

- विगत 3 वर्षों में शासन को भुगतान किये गये लीज रेंट का विवरण तालिका क्रमांक 1.48 में दर्शित है।

तालिका क्रमांक –1.48

वित्तीय वर्ष	लीज़ रेंट (रू. करोड़ में)
2016-17	88.06
2017-18	86.77
2018-19	20.00

कार्य आयोजना में प्रावधान अनुसार वृक्षारोपण क्षेत्रों (क्रॉप–2) में वन संवर्धन कार्य के अन्तर्गत वृक्षारोपण, विरलन कार्य (थिनिंग) विदोहन/पातन से प्राप्त वनोपज का विक्रय किया जाता है। म.प्र. शासन वित्त विभाग के पत्र क्रमांक एल–17/10/2005/ब–7/चार दिनांक 19.07.2005 के अनुसार राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय के परिपालन में क्रॉप–II से प्राप्त कर पश्चात लाभ की 20 प्रतिशत राशि से निगम द्वारा प्रदत्त अंशपूंजी पर प्रारंभ से वर्ष 2018–19 तक राज्य शासन को राशि रु. 10773 लाख तथा भारत सरकार को राशि रु. 418.76 लाख लाभांश (डिविडेंड) का भुगतान किया जा चुका है।

- विगत 3 वर्षों में वितरित लाभांश का विवरण तालिका क्रमांक 1.49 में दर्शित है।

तालिका क्रमांक – 1.49

वित्तीय वर्ष	लाभांश (डिविडेंड) का भुगतान (रू. करोड में)		योग
	म.प्र. शासन	भारत सरकार	
2016-17	12.14	0.44	12.58
2017-18	14.22	0.52	14.74
2018-19	11.38	0.41	11.79

1.6 मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ

वनोपज के संग्रहण एवं व्यापार से वनवासियों को लाभ दिलाने की दृष्टि से वर्ष 1984 में मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ का गठन मध्यप्रदेश सहकारिता अधिनियम, 1960 के अन्तर्गत हुआ। मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 1988 में लघु वनोपज के संग्रहण, भण्डारण एवं व्यापार से बिचौलियों को पूर्णतः समाप्त करने के लिये वास्तविक संग्रहण कर्ताओं की त्रिस्तरीय सहकारी संस्थाओं का गठन किया गया। प्राथमिक स्तर पर वास्तविक संग्राहकों की सदस्यता से 1072 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियां, जिला स्तर पर 60 जिला वनोपज सहकारी संघ तथा शीर्ष स्तर पर मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित, कार्यरत् है। वनोपज को राष्ट्रीयकृत एवं अराष्ट्रीयकृत दो श्रेणियों में बांटा गया है। राष्ट्रीयकृत वनोपज में वर्तमान में मात्र तेन्दूपत्ता एवं कुल्लू गोंद हैं। अराष्ट्रीयकृत वनोपज जैसे हर्रा, बहेडा, लाख, अचार, महुआ, शहद, माहुल पत्ता, आंवला एवं औषधीय वनोपजों का संग्रहण विपणन करने की स्वतंत्रता है। मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ, राष्ट्रीयकृत वनोपज का संग्रहण एवं व्यापार समितियों के माध्यम से करता है। अराष्ट्रीयकृत वनोपज के संग्रहण, विपणन में समन्वयक की भूमिका निभाता है।

1.6.1 तेंदूपत्ता–

विगत तीन वर्षों में संग्रहण एवं निर्वर्तन की जानकारी तालिका क्रमांक – 1.50 में दर्शित है।

तालिका क्रमांक –1.50

संग्रहण वर्ष	संग्रहण दर (रु. प्रति मा. बो.)	कुल संग्रहित मात्रा (लाख मानक बोरा में)	संग्रहण मजदूरी की राशि (करोड़ रुपये में)	विकित मात्रा (लाख मानक बोरा में)	विक्रय मूल्य (करोड़ रुपये में)
1	2	3	4	5	6
2018-19	2000	19.15	382.96	14.82	737.35
2019-20	2500	21.06	526.22	19.74	826.44
2020-21	2500	15.88	397.00	13.70	560.55
टीपः– वित्तीय वर्ष 2020–21 में 31.12.2020 तक प्राप्त विक्रय मूल्य।					

1.6.2 मुख्यमंत्री तेन्दूपत्ता संग्राहक कल्याण सहायता योजनाः–

लघु वनोपज संघ द्वारा दिनांक 01.04.2018 से 18 से 60 वर्ष के तेन्दूपत्ता संग्राहकों हेतु मुख्यमंत्री तेन्दूपत्ता संग्राहक कल्याण सहायता योजना प्रारंभ की गई है। इसके अन्तर्गत सग्राहकों की सामान्य मृत्यु की दशा में दावेदारों को रूपये 10,000/– आंशिक अपंगता की दशा में रू. 20,000/– पूर्ण अपंगता की दशा में रू. 50,000/– तथा दुर्घटना में मृत्यु की दशा में रू. 2.00 लाख की आर्थिक सहायता लघु वनोपज संघ द्वारा प्रदाय की जाएगी। दुर्घटना में मृत्यु की दशा में भुगतान की जाने वाली राशि रू. 2.00 लाख में से रू. 1.00 लाख की प्रतिपूर्ति मध्यप्रदेश शासन द्वारा की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2020–21 की माह नवम्बर तक की जानकारी निम्नानुसार तालिका क्रमांक 1.51 में दर्शित हैः –

तालिका क्रमांक –1.51

(दिनांक 31.12.2020 की स्थिति में)

क्रं.	घटना	सहायता राशि	स्वीकृत प्रकरण	स्वीकृत राशि (लाख में)
1	सामान्य मृत्यु	10,000	292	29.20
2	आंशिक अपंगता	20,000	04	0.80
	पूर्ण अपंगता	50,000	00	0.00
3	दुर्घटना मृत्यु	2,00,000	84	168.00
कुल			380	198.00

1.6.3 न्यूनतम समर्थन मूल्य पर लघु वनोपज का कय –

मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ, भोपाल द्वारा ''न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा लघु वन उत्पाद का मूल्य श्रृंखला विकास के माध्यम से लघु वन उत्पाद का विपणन (Mechanism for marketing of Minor Forest Produce (MFP) and development of value chain for MFP) योजना जो कि 75 प्रतिशत भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय से पोषित है एवं 25 प्रतिशत राज्य शासन का अंश है। जिसका वहन राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा किया जाता है। इस परियोजना अंतर्गत मध्य प्रदेश में प्रमुखता से पाई जाने वाली 32 लघु वनोपज प्रजातियों का संग्रहण न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किया जाता है। जिसके अद्यतन निर्धारित मूल्य निम्नानुसार तालिका क्रमांक 1.52 में दर्शित हैः –

तालिका क्रमांक –1.52

क्रं.	वनोपज	न्यूनतम समर्थन मूल्य
1	अचार गुठली	130/–
2	बेल गूदा	30/–
3	करंज बीज	40/–
4	लाख कुसुमी	275/–
5	बलाख रंगीनी	200/–
6	महुआ बीज/गुल्ली	35/–
7	महुआ फूल	35/–
8	नीम बीज	30/–
9	साल बीज	20/–
10	शहद	225/–
11	बहेड़ा	25/–
12	चकोड़ा बीज	20/–
13	हर्रा	20/–
14	नागरमोथा	35/–

15	जामुन बीज	42/–
16	आंवला गूदा	52/–
17	मर्किंग नट (भिलावा)	09/–
18	अनन्त मूल	35/–
19	अमलतास बीज	13/–
20	अर्जुन छाल	21/–
21	गिलोय	40/–
22	कोंच बीज	21/–
23	कालमेघ	35/–
24	बायडंग बीज	94/–
25	धवईफूल	37/–
26	वन तुलसी पत्तियां	22/–
27	कुटज (सूखी छाल)	31/–
28	मकोय (सूखे फल)	24/–
29	अपंग पौधा	28/–
30	इमली बीज सहित	36/–
31	सतावरी की सूखी जड़	107/–
32	गुडमार	41/–

लघु वनोपज के क्रय हेतु 18 जिलो में स्थानीय बाजार हाट में स्थान निश्चित करते हुये संग्रहण केन्द्र स्थापित किये गये है, जहॉ पर प्लेटफार्म/शेड/भंडारण गृह का निर्माण कर क्रय की अन्य व्यवस्था की जायेगी।

1.6.4 वन धन विकास केन्द्र योजनाः–

लघु वनोपजों के संग्राहकों के द्वारा संग्रहित वनोपजों का प्राथमिक प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन द्वारा उचित मूल्य दिलाने की अभिनव योजना है। संबंधित जिला यूनियन द्वारा उचित प्राथमिकता लघु वनोपज सहकारी समिति अन्तर्गत 300 सदस्यों का एक वन धन विकास केन्द्र हेतु चयनित किया गया है। इस प्रकार एक वन धन केन्द्र में 300 संग्राहक होंगे। प्रत्येक वन धन केंन्द्र हेतु ट्राईफेड द्वारा रूपये 15.00 लाख प्रशिक्षण एवं उपकरण इत्यादि हेतु प्रदाय किया गया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा इस योजना के क्रियान्वयन हेतु मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ को राज्य क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। प्रथम चरण में ट्राईफेड़ द्वारा मध्य प्रदेश के 13 जिलों में 86 वन धन विकास केन्द्र स्वीकृत किये गये है। जिसमें 10 स्वसहायता समूह क्लस्टर का एक केन्द्र होगा जिसमें प्रत्येक स्वसहायता समूह में 30 सदस्य होंगें। इस प्रकार एक वन धन केन्द्र में 300 संग्राहक होंगें। प्रथमतः यह योजना 13 जिलों में प्रारंभ की जा रही है।

इसे सफल बनाने हेतु प्रचार–प्रसार के विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया जाएगा।

भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित MFP-MSP योजना के अंतर्गत वनवासियों/आदिवासियों को लघु वनोपज प्रजातियों के गुणवत्ता युक्त संग्रहण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण – जिला यूनियन उत्तर बालाघाट, दक्षिण बालाघाट, पूर्व मंडला, पश्चिम मंडला, उत्तर शहडोल, दक्षिण शहडोल, उमरिया, पूर्व

छिंदवाड़ा, पश्चिम छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडोरी, कटनी, नरसिंहपुर, उत्तर सिवनी एवं दक्षिण सिवनी इस प्रकार कुल 32 जिला यूनियनों में प्रशिक्षण उष्ण कटिबंधीय अनुसंधान संस्थान, जबलपुर (म.प्र.) एवं CED-MAP भोपाल द्वारा कराया गया है।

1.6.5 एकलव्य शिक्षा विकास योजना

लघु वनोपज संघ द्वारा ''एकलव्य शिक्षा विकास योजना'' नवंबर 2010 में प्रारंभ की गई है। इस योजना का उद्देश्य वनक्षेत्रों में निवास करने वाले तेन्दूपत्ता संग्राहकों के बच्चों की शिक्षा की ऐसी व्यवस्था करना है, जिससे उनके होनहार बच्चे धनाभाव के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रह जाएं। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में प्रवेश एवं शिक्षा का व्यय वनोपज संघ द्वारा वहन किया जाता है।

(i) प्रदेश के तेन्दूपत्ता संग्राहकों, फड़ मुंशियों एवं प्राथमिक वनोपज समितियों के प्रबंधकों के पिछली परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक पाने वाले बच्चों को योजना का लाभ लेने की पात्रता है।

(ii) इस योजना में पात्रता हेतु संग्राहक के लिए यह आवश्यक है कि विगत पांच वर्षों में कम से कम तीन वर्षो में उसके द्वारा न्यूनतम एक मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया हो तथा फड़ मुंशी एवं समिति प्रबंधक द्वारा कम से कम तीन वर्षों में तेन्दूपत्ता सीजन में कार्य किया गया हो।

(iii) योजना में शिक्षण शुल्क, पाठ्य पुस्तकों पर व्यय, छात्रावास व्यय तथा वर्ष में एक बार घर आने–जाने हेतु यात्रा व्यय दिया जाता है, तथा सहायता की अधिकतम वार्षिक सीमा निम्नानुसार होगी–

- कक्षा 9 वीं एवं 10 वीं के विद्यार्थियों को 12,000 रुपये अधिकतम
- कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों को 15,000 रुपये अधिकतम
- गैर तकनीकी स्नातक विद्यार्थियों को 20,000 रुपये अधिकतम
- व्यावसायिक कोर्स के विद्यार्थियों को 50,000 रुपये अधिकतम

लाभान्वित हितग्राहियों की वर्षवार संख्या निम्नानुसार तालिका क्रमांक 1.53 में दर्शित है:

तालिका क्रमांक –1.53

वित्तीय वर्ष	शैक्षणिक सत्र	लाभांवित छात्र/छात्राओं की संख्या			योग	स्वीकृत राशि (लाख रूपए में)
		स्कूल शिक्षा	उच्च शिक्षा स्नातक	तकनीकी शिक्षा स्नातक		
2011-12	2010-11	842	196	23	1061	46.85
2012-13	2011-12	643	104	42	789	35.28
2013-14	2012-13	637	114	66	817	50.21
2014-15	2013-14	527	96	91	714	46.78
2015-16	2014-15	582	85	81	748	61.70
2016-17	2015-16	680	100	94	874	82.24
2017-18	2016-17	1135	194	104	1433	130.56
2018-19	2017-18	1489	236	164	1889	188.47
2019-20	2018-19	1678	343	168	2189	323.08
2020-21	2019-20	739	139	57	935	114.29
योग		**8952**	**1607**	**890**	**11449**	**988.43**

1.6.6 प्रोत्साहन पारिश्रमिक

संविधान के 73 वें संशोधन के फलस्वरूप लघु वनोपज का स्वामित्व ग्राम सभाओं को सौंपा गया है। प्रदेश में लघु वनोपज व्यवसाय से ग्रामीणों को उचित लाभ दिलाने के लिए अनेक नीतिगत निर्णय लिये गये हैं। लघु वनोपज के अंतर्गत तेन्दूपत्ता के व्यवसाय से होने वाली संपूर्ण शुद्ध आय प्राथमिक सहकारी वनोपज समितियों को उपलब्ध कराई जा रही है। इस व्यवस्था को लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है।

वर्तमान में शुद्ध आय का 70 प्रतिशत भाग संग्राहकों को, उनके द्वारा संग्रहित मात्रा के अनुपात में प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में नगद भुगतान करने का प्रावधान है। शेष 30 प्रतिशत में से 15 प्रतिशत भाग वनों के पुनरोत्पादन पर लगाया जा रहा है तथा 15 प्रतिशत की अवशेष राशि सहकारी समितियों को उनकी प्राथमिकता के आधार पर उनकी माँग अनुसार ग्राम की मूलभूत सुविधाओं के विकास में दी जा रही है।

इस व्यवस्था के अंतर्गत विगत तीन वर्षों की प्रोत्साहन पारिश्रमिक की राशि का विवरण निम्नानुसार तालिका क्रमांक 1.54 में दर्शित है:

तालिका क्रमांक –1.54

संग्रहण वर्ष	प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि (रूपये करोड़ में
2016	207.54
2017	595.93
2018	282.47
कुल योग	**1085.94**

1.6.7 अन्य योजनाएँ

(i) लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, (एम.एफ.पी–पार्क) बरखेड़ा पठानी

- **केन्द्र की गतिविधियाँ**

इस केन्द्र की स्थापना वर्ष 2004–2005 में की गई, इसकी स्थापना का सैद्धान्तिक आधार माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन की घोषणा के अनुरूप है, जिसमें वनौषधियों के मूल्य संवर्धन के उपरांत प्रसंस्कृत उत्पादों का निर्माण किया जाता है। पूर्व में प्रदेश से वनौषधीयों का विपणन बिना मूल्य संवर्धन के ही प्रचलन में था। मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ की प्रसंस्करण इकाई लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी.–पार्क), वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल द्वारा "**विन्ध्य हर्बल्स ब्रांड**" के अंतर्गत आयुर्वेदिक एवं हर्बल औषधियों का उत्पादन कार्य विगत 14 वर्षों से अधिक समय से किया जा रहा है। औषधियों के निर्माण हेतु ड्रग एवं कास्मेटिक्स अधिनियम 1940 के अन्तर्गत भारतीय चिकित्सा पद्वति एवं होम्योपेथी, मध्यप्रदेश शासन से लाइसेंस क्रमांक 25D/9/05 दिनांक 28.03.2005 लिया गया है। केन्द्र का पंजीयन कारखाना अधिनियम 1948 एवं मध्यप्रदेश कारखाना नियम 1962 के अन्तर्गत श्रम एवं उद्योग विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा किया गया है। विन्ध्य हर्बल्स ब्रांड के व्यापार चिन्ह का पंजीयन भारत सरकार के व्यापार चिन्ह अधिनियम 1999 के अनुसार उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार से कराया गया है। यह संस्था जिला उद्योग केन्द्र से लघु औद्योगिक

इकाई के तौर पर भी पंजीकृत है। गुणवत्ता आधारित नीतियों के चलते केन्द्र को आयुष प्रीमियम मार्क आयुष विभाग म0प्र0 शासन से GMP प्रमाण पत्र एवं गुणवत्ता प्रबंधन हेतु ISO एवं पर्यावरणीय प्रबंधन हेतु EMS-14001 प्रमाण पत्र भी निरंतर प्राप्त होते रहे है। इस केन्द्र द्वारा उत्पादित अधिकतम उत्पादों की आपूर्ति देश के विभिन्न राज्यों के आयुष विभागों एवं अनुसंधान संस्थानों को की जाती है तथा प्रदेश में स्थापित संजीवनी केन्द्रों एवं वितरकों के माध्यम से निर्मित उत्पादों के खुदरा विपणन का कार्य किया जाता है।

- **प्रसंस्कृत औषधियों का वर्गीकरण**

इस केन्द्र को 840 प्रकार के औषधीय निर्माण लाइसेंस प्राप्त है। वर्तमान में केन्द्र द्वारा मांग अनुसार 350 प्रकार की विभिन्न क्लासिकल शास्त्रोक्त–265 प्रोपराइटरी–75 एवं 09 प्रकार की पशु औषधियों, आयुर्वेदिक औषधियों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। केन्द्र में वनीय क्षेत्रों से संग्रहित की जाने वाली शहद के प्रसंस्करण की सुविधाएं भी उपलब्ध है।

विभिन्न राज्यों को औषधीय आपूर्ति

इस केन्द्र द्वारा बढ़ती हुई बाजार–स्पर्धा के बाद भी निरंतर आय में उत्तरोत्तर वृद्वि अर्जित की जाती रही है। विगत वर्षो में मध्यप्रदेश आयुष विभाग के अलावा आन्ध्रप्रदेश, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, पांडुचेरी, उड़ीसा, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, मिजोरम, सिक्किम, तेलंगाना, असम, अरूणाचल प्रदेश, नई दिल्ली, झारखंड, जम्मू एवं कश्मीर एवं अंडमान एवं निकोबार इत्यादि (18–20) राज्यों को शासकीय आपूर्ति की गई है ।

खुदरा विपणन– प्रदेश में स्थापित 28 संजीवनी आयुर्वेदिक केन्द्रों एवं विभिन्न जिलों के खुदरा वितरकों, दिल्ली हाट जनकपुरी के माध्यम से खुदरा विपणन का कार्य किया जाता है। केन्द्र को प्रतिवर्ष लगभग 100 लाख रूपए का राजस्व खुदरा विपणन से प्राप्त होता है।

- **वर्ष 2020 की विशिष्ट उपलब्धियांः–**

1. त्रिकटु काढाः कोरोना संक्रमण (कोविड–19) की रोकथाम, बचाव एवं प्रबंधन हेतु आयुष विभाग की मांग पर प्रसंस्करण केन्द्र द्वारा 43,68,000 नग (50 एवं 500 ग्राम पैकिंग) त्रिकटु काढे, 3,16,500 नग (50 एम.एल.पैकिंग) अणु तेल एवं 45,250 नग (500 ग्राम पैकिंग) संषमणी बटी के पैकेटस/डिब्बे राशि रू. 29,73,01,750/– के तैयार कर उपलब्ध कराये गये। मध्यप्रदेश आयुष विभाग द्वारा ''जीवन अमृत'' योजना के अन्तर्गत आयुर्वेदिक औषधी त्रिकटु काढे के पैकेट (त्रिकटु, चूर्ण,अणु तेल, संषमणी बटी) प्रदेश के सामान्य जन को वितरित किये गये है।
2. **आरोग्य कषायम काढाः** कोविड–19 की रोकथाम एवं बचाव हेतु आयुष विभाग की मांग पर प्रसंस्करण केन्द्र द्वारा 8,690 नग (500 ग्राम पेकिंग) आरोग्य कषायम की राशि रू. 31,11,020/– के पैकेट्स/डब्बे उपलब्ध कराये गए।
3. **इम्युनिटी बूस्टर किटः** रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) बढाने में आयुर्वेदिक औषधियों के प्रभावी उपाय के रूप में एवं उनकी महत्ता को देखते हुए विन्ध्य हर्बल्स द्वारा 08 विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण औषधियों (गिलोय चूर्ण, अणु तेल, संशमनी वटी, कालमेघ चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, त्रिकटु चूर्ण, वनीय शहद, अर्जुन हर्बल चाय) को समाहित करते हुए एक रोग प्रतिरोधी किट (इम्युनिटी बूस्टर किट)) सुविधाजनक बाक्स में तैयार की गई है। माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय वन मंत्री, मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिनांक 27.08.2020 को विन्ध्य हर्बल्स, इम्युनिटी बूस्टर किट का लोकार्पण किया गया।

4. **शासकीय/खुदरा आपूर्तिः** वित्तीय वर्ष 2020–21 में दिसम्बर तक कुल राशि रू. 31,15,83,742/– मूल्य के औषधियों को तैयार कर शासकीय एवं रिटेल क्षेत्र में आपूर्ति की गई है।

5. **दीपावली पर इम्युनिटी बढाने वाले गिफ्ट पैक का विक्रयः** इस वर्ष दीपावली के त्यौहार को उल्लास एवं उत्साह पूर्वक मनाये जाने तथा परिवार के उत्तम स्वास्थ्य एवं इम्युनिटी बढ़ाने हेतु केन्द्र द्वारा महत्वपूर्ण उत्पादों को समाहित करते हुए आकर्षक गिफ्ट पैक तैयार किये गये। उक्त अवधि में केन्द्र द्वारा विभिन्न प्रकार की आकर्षक 5440 गिफ्ट पैक विक्रय किये गये। उक्त गिफ्ट पैक्स में कालमेघ, अश्वगंधा, त्रिकटु, गिलोय, अर्जुन चाय, शहद एवं च्वनप्राश को शामिल किया गया। त्यौहार के अवसर पर पारंपरिक मिठाई के स्थान पर उक्त गिफ्ट पैक स्नेही स्वजनों, मित्रों पारिवारिक सम्बंधियों, अधिनस्थों को उत्तम स्वास्थ्य एवं इम्युनिटी बढाने हेतु उपहार स्वरूप भेंट करने के लिए आमजनों व संस्थाओं को विक्रय हेतु उपलब्ध कराया गया।

- **राजस्व प्राप्तियां**

केन्द्र की गुणवत्ता आधारित नीतियों के चलते बढती हुई कडी बाजार प्रतिस्पर्धा के बाद भी उत्पादन कार्यों एवं राजस्व प्राप्तियों में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। वर्ष 2019–20 में रूपये 22.31 करोड़ एवं वर्ष 2020–21 में 31.12.2020 तक रूपये 31.15 करोड़ का राजस्व की प्राप्तियाः हुई है। संस्था के कुशल संचालन एवं प्रबंधन तथा संघ मुख्यालय के अनुश्रवण का ही परिणाम है कि संस्था लाभप्रद स्थिति में बनी हुई है। यह केन्द्र शासकीय सीमाओं में रहकर आज अन्य शासकीय औषधि निर्माणकर्ता संस्थाओं एवं निजी संस्थाओं को कड़ी प्रतिस्पर्धा दे रहा है।

1.6.8 संजीवनी केन्द्र की स्थापना

औषधीय पौधों एवं प्रसंस्करण केन्द्रों द्वारा उत्पादित औषधियों के विपणन के लिये भोपाल, बालाघाट, पूर्व छिन्दवाड़ा, पश्चिम छिन्दवाड़ा, देवास, शिवपुरी, औबेदुल्लागंज, कटनी, सिवनी, खण्डवा, खरगोन, बड़वानी, रेहटी (सीहोर), होशंगाबाद, नरसिंहपुर, सतना, बरखेडा पठानी (भोपाल), मैहर, इन्दौर, पन्ना, ग्वालियर, अमरकंटक, कपिलधारा, छतरपुर, जबलपुर, उज्जैन, रीवा इत्यादि में ''संजीवनी आयुर्वेद'' के नाम से 28 विक्रय केन्द्र प्रारम्भ किये गये हैं । इन विक्रय केन्द्रों के माध्यम से अर्द्ध तथा पूर्ण प्रसंस्कृत लघुवनोपजों तथा औषधीय उत्पाद आम जनता को विक्रय किया जाता है । विपणन किये जा रहे उत्पादों में आंवला मुरब्बा, अर्जुन चाय, शहद, गोंद, बेल, गुड़मार एवं त्रिफला चूर्ण आदि प्रमुख हैं ।

1.6.9 अंतर्राष्ट्रीय हर्बल मेला

कोविड 19 की वजह से अंतर्राष्ट्रीय हर्वल मेला का प्रस्तावित कर्यक्रम इस वर्ष के लिऐ स्थगित किया गया है।

1.6.10 संचित ऋण निधि से 4 प्रतिशत ब्याज की दर पर राशि का प्रदाय।

(1) **लघु वनोपज के संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन हेतु जिला यूनियनों को ऋण उपलब्ध कराना**– संचालक मण्डल की 87 वीं बैठक दिनांक 29.06.2010 में निर्णय लिया गया था कि संचित ऋण निधि से लघु वनोपज के संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन हेतु जिला यूनियनों को 4 प्रतिशत ब्याज की राशि से ऋण उपलब्ध कराए जाएँ । प्रदेश में लघु वनोपजों तथा औषधीय

पौधों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने एवं उनके व्यापार को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से विभिन्न जिला यूनियनों को संघ मुख्यालय से ऋण निधि से कम दर के ब्याज (4 प्रतिशत) पर रूपये 614.94 लाख की राशि उपलब्ध कराई गई है ।

(2) **प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधकों को मोटर साइकिल क्रय हेतु ऋण प्रदाय करना**– दिनांक 16.08.2010 को संचालक मंडल द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों को मोटर साईकिल के वास्तविक क्रय मूल्य अथवा रूपये 50,000/– जो भी अधिक हो, के ऋण 4 प्रतिशत ब्याज की दर पर देने हेतु नियम बनाये गये हैं ।

1.6.11 लाभांश की राशि से कराए जाने वाले कार्य

(1) **वन विकास** :– वर्ष 2016–17 से 2018 –19 में तेन्दूपत्ता के व्यापार से प्राप्त लाभांश की राशि से वनों के विकास के अन्तर्गत अंतःस्थलीय एवं बाह्य स्थलीय संरक्षण के वन कार्य स्वीकृत किये गये। विवरण निम्नानुसार तालिका क्रमांक 1.55 में दर्शित है:

तालिका क्रमांक –1.55

वन विकास एवं क्षमता विकास कार्य

क्र.	वित्तीय वर्ष	स्वीकृत राशि (लाख में)	स्वीकृत कार्यों की संख्या
1	2016–17	28.00	100.00 हेक्ट. (IN-Situ)
2	2017–18	9.70	05.00 हेक्ट. (IN-Situ)
3	2018–19	13120.26	8290.00 हेक्ट. (IN-Situ)

(2) **अधोसंरचना विकास** :– ग्रामों के अधोसंरचना विकास के कार्य स्वीकृत किये गये, विवरण तालिका क्रमांक – 1.56 में दर्शित है।

तालिका क्रमांक –1.56

क्रमांक	वर्ष	कार्य	राशि (रूपए लाख में)
1	2017-18	रोड, रपटा, पुलिया, बाउन्ड्री वाल निर्माण, स्टॉप डेम, पेयजल व्यवस्था एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	1446.56
2	2018-19	रोड, रपटा, पुलिया, बाउन्ड्री वाल निर्माण, स्टॉप डेम, पेयजल व्यवस्था एवं सामुदायिक भवन, वन रक्षक नाका, महिला शौचालय, तालाब गहरीकरण कार्य आदि	5114.38
3	2019-20	रोड, रपटा, पुलिया, बाउन्ड्री वाल निर्माण, स्टॉप डेम, पेयजल व्यवस्था एवं सामुदायिक भवन, वन रक्षक नाका, महिला शौचालय, तालाब गहरीकरण कार्य आदि	3320.07
योगः–			**9881.01**

मध्यप्रदेश के वन क्षेत्रों में सयुक्त वन प्रबन्धन समितियों के लघु वनोपजों के प्रसंस्करण हेतु प्रसंस्करण केन्द्र निर्माण, गोदाम निर्माण, क्षमता विकास तथा संग्रहण की प्रक्रिया के तहत सही एवं उचित लघु वनोपज संग्रहण हेतु प्रशिक्षण आदि हेतु 580.00 लाख के प्रावधान के विरूद्व 500.00 लाख प्राप्त हुए। जिसमें अभी तक 351.34 लाख व्यय हो चुके है।

1.7 राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर, 27 जून, 1963 को म.प्र. राज्य शासन, वन विभाग द्वारा जबलपुर में स्थापना की गई। यह संस्थान भारत का प्रथम राज्य स्तरीय वानिकी शोध संस्थान है। 29 अक्टूबर, 1994 में इस संस्थान को स्वायत्ता प्रदान की गई एवं 02 अगस्त, 1995 को संस्था के रूप में पंजीबद्ध किया गया। संस्थान वन वनस्पति, वनवर्धन, वृक्ष सुधार, बीज तकनीकी, जैव विविधता, वन आनुवांशिकी, जैव प्रौद्योगिकी, वनोपज विपणन, वन विस्तार, वन मापिकी, वन पारिस्थितिकीय एवं पर्यावरणीय प्रभाव, वन्यप्राणी तथा कृषि वानिकी आदि विषयों में शोध एवं क्षेत्रीय स्तर पर हस्तांतरण योग्य तकनीक विकसित कर उनके प्रचार–प्रसार का कार्य करता है। संस्थान के संचालक मंडल में 15 सदस्य तथा अनुसंधान सलाहकार समिति में 20 सदस्य हैं। संस्थान में संचालक का पद प्रधान मुख्य वन संरक्षक/अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के स्तर का है।

महत्वपूर्ण योजनाएँ एवं गतिविधियाँ

वर्ष 2020–21 के दौरान संस्थान की अनुसंधान गतिविधियाँ अनुसंधान परियोजनाओं के माध्यम से वन विभाग के क्षेत्रीय स्तर पर वन प्रबंधन में सहयोग प्रदान करने हेतु विभिन्न विषयों पर केन्द्रित रही है। इनमें से कुछ प्रमुख विषय निम्नानुसार हैः–

- म.प्र. में जलवायु परिवर्तन का वनों तथा रहवासियों के आजीविका पर प्रभाव।
- उच्च गुणवत्ता वाले पौध तैयार करने हेतु बीज तथा नर्सरी तकनीकों का मानकीकरण।
- आधुनिक प्रौद्यौगिकी के माध्यम से महत्वपूर्ण संकटग्रस्त जंगलीय औषधीय पौध प्रजातियों के गुणवत्ता वाले रोपण स्टॉक का उत्पादन।
- मध्यप्रदेश में प्रमुख गोंदों के संग्रहण के ऑकड़ों का संकलन एवं प्राथमिक संग्राहकों पर सामाजिक आर्थिक प्रभाव।
- नौरादेही वन्यप्राणी अभ्यारण्य में पुनः छोड़े गए बाघों तथा उनके शावकों के रहवास एवं उनके जंतु व्यवहार (Animal Behaviour) की आधुनिक उपकरणों से निगरानी।
- मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में औषधीय पौधों के लिए डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली की स्थापना।
- अमरकंटक से मण्डला तक नर्मदा नदी के किनारे Phytosociological अध्ययन द्वारा जल की गुणवत्ता के प्रभाव का मूल्यांकन।
- राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल वन्यजीव अभ्यारण्य, मुरैना (म.प्र.) में MPUDC के अंतर्गत प्रस्तावित जलप्रदाय परियोजना के अंतर्गत जल निकासी से डॉल्फिन, मगरमच्छ और उनके रहवास पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन।
- मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र में कृषकों को लाख की खेती को प्रोत्साहित करने तथा उनके आय में वृद्धि बाबत लाख के कीटों का संरक्षण एवं संचारण करने हेतु नेटवर्क परियोजना का संचालन।

- मध्यप्रदेश में महुआ फूल एवं अचार गुठली के उत्पादन एवं संग्रहण मात्रा का आंकलन एवं उनकी वंशागत विविधता की पहचान करना।
- मध्यप्रदेश के सतना वनमण्डल में उपयोगकर्ता वन आश्रित समुदायों की सक्रिय भागीदारी के साथ कुछ महत्वपूर्ण जंगली औषधीय पौधों और अन्य NTFPs की सतत् विदोहन सीमा का निर्धारण।
- अचार, बीजा, तिनसा, हल्दू, धामन, शीशम के उम्मीदवार धन वृक्षों की मध्यप्रदेश में पाए जाने वाले संभावित स्थानों की पहचान एवं उनकी क्लोनल प्रोपेगेशन तकनीकों का मानकीकरण।
- मध्यप्रदेश के विभिन्न वनों में स्थित नमूना भूखण्डों (Sample plot) में सागौन, साल एवं अन्य प्रजातियों की वृद्धि का अध्ययन।
- मध्यप्रदेश के विंध्य क्षेत्र के रातापानी खिवनी परिदृश्य में बाघ की उपस्थिति एवं विचरण का अध्ययन।
- मध्यप्रदेश में लकड़ी की मांग और आपूर्ति का अनुमान ।
- विभिन्न वानिकी प्रजातियों के उत्तम गुणवत्ता वाले बीजों का एकत्रीकरण, प्रसंस्करण, परीक्षण तथा प्रमाणीकरण एवं वितरण।
- मध्यप्रदेश के होशंगाबाद वनवृत्त में वन्यप्राणियों द्वारा फसलों को हानि पहुँचाने तथा इसके प्रबंधन पर अध्ययन।
- सरदार सरोवर परियोजना मध्यप्रदेश के आस–पास के क्षेत्रों में वन्यजीव रहवास सुधार की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन का निर्माण।
- जबलपुर स्मार्ट सिटी में सड़क किनारे वृक्षारोपण से कार्बन संचय द्वारा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को कम करने में योगदान पर अध्ययन।
- महत्वपूर्ण वानिकी प्रजातियों के उत्पादन एवं आयतन तालिकाओं का निर्माण।
- पश्चिमी म.प्र. के मालवा का पठार कृषि जलवायु का क्षेत्र के अंतर्गत कृषक सम्वृद्धि योजना द्वारा कृषि वानिकी के तहत निजी भूमि के रोपण एवं वर्तमान कृषि वानिकी मॉडल का अध्ययन।
- मिट्टी के भौतिक एवं रासायनिक गुणों पर वनों की आग का प्रभाव।
- गृह औषधीय वाटिका स्थापना हेतु आवश्यक तकनीकी सलाह व मार्गदर्शन एवं निःशुल्क औषधीय पौधों का वितरण।

अनुश्रवण एवं मूल्यांकन :

प्रशिक्षण कार्यक्रम :

- लाख उत्पादन हेतु मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र में वन विभाग के अमले तथा कृषकों को प्रशिक्षण।
- महुआ फूल एवं सलई गोंद संबंधी प्रशिक्षण।
- संयुक्त वन प्रबंधन समिति द्वारा अकाष्ठीय वनोपजो का प्राकृतिक वन क्षेत्रो में सतत् विदोहन पद्धति का निर्धारण एवं प्रबंधन तकनीक का प्रशिक्षण।
- औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती प्रसंस्करण और विपणन में प्रशिक्षण सह प्रदर्शन कार्यक्रम।
- बीज उद्यानों और बीज उत्पादन क्षेत्रों के रखरखाव में वन विभाग के कर्मचारियों के लिये प्रशिक्षण।

- प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल एवं वनरक्षकों का वानिकी अनुसंधान के विभिन्न आयामों से परिचय हेतु शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन।
- विभिन्न विश्वविद्यालयों से स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण के दौरान राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में प्रचलित अनुसंधान गतिविधियों का विस्तार।
- मध्यप्रदेश के अनुसंधान और विस्तार केन्द्रों के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण NTFP और औषधीय पौधों की प्रजातियों की विकसित नर्सरी तकनीकों के विस्तार हेतु मार्गदर्शन।

प्रकाशन तथा अन्य गतिविधियाँ :

संस्थान द्वारा त्रैमासिक पत्रिकाओं 'वानिकी संदेश' तथा 'वन–धन' का प्रकाशन किया जाता है। समय–समय पर अनुसंधान द्वारा विकसित तकनीकों के प्रचार–प्रसार हेतु पुस्तक, तकनीकी बुलेटिन, ब्रोशर एवं पेम्पलेट्स का प्रकाशन किया गया। संस्थान के नवीन प्रकाशन निम्नानुसार हैं:–

- हर्रा, बहेडा, रीठा, हल्दू, खुरासानी इमली तथा अन्य 16 महत्वपूर्ण औषधीय पौधों के बीज एवं रोपणी तकनीकी पर प्रचार–प्रसार ब्रोशर।
- मध्यप्रदेश के विभिन्न वनमण्डलों के लिए विविध प्रजातियों की मात्रा तालिका का निर्माण।
- मध्यप्रदेश में आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण दुर्लभ प्रजाति जैसे सलई, शीशम, अचार, मैदा लकड़ी और बीजा की बहुगुणन तकनीकों का विकास।
- पलाश एवं कुसुम के वृक्षो में लाख की कृषि प्रक्रिया।
- मध्यप्रदेश की प्रमुख गोंदों के उत्पादन एवं संग्रहण क्षेत्र।
- दुर्लभ एवं संकटग्रस्त प्रजातियों की रोपणी तकनीक का प्रचार प्रसार।
- वनों एवं वन रोपणियों में लगने वाली कीट व्याधियों एवं उनके निदान पर किये गये कार्यो का सरल भाषा में संकलन : मध्यप्रदेश के संदर्भ में।

संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ:

1) माननीय वन मंत्री, डॉ. कुँवर विजय शाह, मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में संस्थान तथा मध्य वृत्त वन जबलपुर एवं संबंधित वन मण्डलों की गतिविधियों की समीक्षा बैठक दिनांक 30/07/2020 एवं 18/11/2020 को आयोजित की गई। इस अवसर पर माननीय वन मंत्री जी द्वारा संस्थान के औषधीय पौध जीन बैंक के परिसर में वृक्षारोपण किया गया एवं संस्थान के अरण्य–विथिका (संग्रहालय) का अवलोकन किया गया। बैठक में माननीय वन मंत्री, म.प्र. शासन द्वारा राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर तथा विभागीय क्षेत्रीय कार्यों की समीक्षा की गयी।

   माननीय वन मंत्री जी द्वारा संस्थान के अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं वन अधिकारियों को भविष्य में किये जाने वाले अनुसंधान तथा वानिकी प्रबंधन कार्यो पर बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया गया। बैठक के अंत में माननीय वन मंत्री जी द्वारा औषधीय पौधों की तकनीकी ब्रोशर का विमोचन भी किया गया।

दिनांक 30.07.2020 को माननीय वन मंत्री जी द्वारा संस्थान परिसर में वृक्षारोपण एवं तकनीकी ब्रोशर का विमोचन

2) मध्यप्रदेश राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर की 45वीं अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 04.11..2020 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में वेबीनार के माध्यम से आयोजित की गई। जिसमें संस्थान के संचालक डॉ. अभय कुमार पाटिल, अधिकारीगण, वैज्ञानिकों एवं वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रस्तावित परियोजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया गया। इस बैठक में अनुसंधान सलाहकार समिति के 15 सदस्यों द्वारा भाग लेकर मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में 12 प्रस्तावित परियोजनाओं को विभिन्न वित्त पोषित प्रदाय करने वाली संस्थाओं को प्रस्तुत करने बाबत निर्देशित किया गया।

3) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली से प्राप्त नेटवर्क परियोजना लाख कीट के आनुवंशिकी संसाधनों का संरक्षण के अंतर्गत राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर में वर्ष 2014 में मध्य भारत क्षेत्र के लाख सहयोगी केंद्र की स्थापना की गई थी। जिसमे कृषको की आजीविका में वृद्धि करने के उद्देश्य से लाख कीट एवं उनके विभिन्न पोषक वृक्षो का सर्वेक्षण, लाख कीट जीन बैंक एवं लाख कीट संग्रहालय की स्थापना की गई।

इस परियोजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश के 51 जिलों के 315 विकास खंडो में व्यापक स्तर पर लाख कीट सर्वेक्षण कार्य किया गया, जिसमें 46 जिलो के 132 विकासखंडो में लाख कीट की उपस्थिति पायी गयी। लाख की कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश के 12 जिलों में 20 प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिसमे 700 कृषको को प्रशिक्षित किया गया। परियोजना के अंतर्गत 126 नए पोषक वृक्ष बहुल क्षेत्रो को भी चिन्हित किया गया है जिसमे लाख उत्पादन कार्य प्रारंभ कराकर कृषको एवं आदिवासियों की आय में वृद्धि की जा सके। इस परियोजना की सफलता के आधार पर परियोजना अवधि को अगले पांच वर्षो (2021–2026) तक बढ़ाया जाना प्रस्तावित है।

4) मध्यप्रदेश अबर्न डेव्लहपमेंट कम्पनी द्वारा वित्त पोषित परियोजना "To study the impact of proposed Morena water Supply Sub Project under MPUDP on the Dolphin, Crocodile & Gharial and their habitat in National Chambal Gharial Wildlife Sanctuary Morena M.P." के अंतर्गत राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3 के समीप चम्बल नदी में इन्टेक वेल का निर्माण किया जाना है, जिससे मुरैना शहर को पीने के पानी की आपूर्ति की जाएगी। इस बाबत प्रस्तावित इन्टेक बेल के निर्माण से जल निकासी से चम्बल नदी में विचरण कर रहे जलीय जीव–जन्तुओं जिनमें

घोर संकट ग्रस्त श्रेणी की प्रजाति घड़ियाल, डॉलफिन, कछुआ तथा अन्य प्रजातियां जैसे – मगर, उदविलाव तथा मछलियों की प्रजातियां जैसे – महाशीर, फ्लाईंग फिश आदि पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों का अध्ययन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत चम्बल नदी के जल की गुणवत्ता, बहाव की गति, जलस्तर, तलहटी की स्थिति, चौड़ाई, गहराई आदि के आंकड़े वर्तमान में अध्ययन क्षेत्र से लिये जा रहे हैं तथा विगत 20 वर्षो के जलस्तर के आकड़ों के आधार पर भविष्य में चंबल नदी में 50 वर्षों तक के होने वाले प्रभावों का पारिस्थितिकी संतुलन बने रहने का अध्ययन किया जा रहा है।

5) राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में बीज प्रभाग द्वारा माह दिसम्बर में तीन दिवसीय 02 प्रशिक्षण कार्यक्रम (दिनांक 21.12.2020 से 23.12.2020 एवं 28.12.2020 से 30.12.2020) का आयोजन किया गया, जिसमें सिवनी एवं जबलपुर सामाजिक वानिकी वृत्त, सामान्य वनमण्डल, सिवनी (उत्तर एवं दक्षिण), जबलपुर, कटनी, हरदा, होशंगाबाद एवं छिंदवाड़ा (पूर्व, पश्चिम एवं दक्षिण) वनमण्डल से क्षेत्रीय स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बीज संग्रहण से लेकर बीज तकनीक, रोपणी तकनीक, केंचुआ खाद, बीज प्रक्षेत्र का चयन, बीज उत्पादन क्षेत्र की स्थापना एवं प्रबंधन हेतु प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन का कार्य किया गया। उक्त प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन में दो चरणों में 43 क्षेत्रीय स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

6) राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर द्वारा म.प्र. वन विभाग द्वारा वित्त पोषित परियोजना "Extension of developed nursery techniques of some NTFPs and medicinal plants species through Research and extension centre of M.P." के अंतर्गत समस्त सामाजिक वानिकी वृत्त में महत्वपूर्ण एवं संकटाग्रस्त प्रजातियों की रोपणी तकनीक के प्रचार–प्रसार करने के तारतम्य मे सामाजिक वानिकी वृत्त इंदौर, झाबुआ, रतलाम एवं सागर मे दिनांक 08/12/2020 से 23/12/2020 के मध्य 2020 सामाजिक वानिकी वृत्त के क्षेत्रीय कर्मचारी एवं अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में म.प्र. में पाई जाने वाली महत्वपूर्ण एवं संकटाग्रस्त प्रजातियों की रोपणी तकनीक से जुडे विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की चर्चा के दौरान प्रशिक्षणर्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इसी श्रृंखला में निकट भविष्य में शेष 5 सामाजिक वानिकी वृत्तों (जबलपुर, रीवा, खण्डवा, भोपाल एवं ग्वालियर) में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जाना प्रस्तावित है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्याख्यान

7) राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में अनुसंधान गतिविधियों का अवलोकन उत्तर प्रदेश, फॉरेस्ट ट्रेनिंग एकेडमी के प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल अधिकारी, फॉरेस्ट ट्रेनिंग एकेडमी, हल्दवानी, कुन्दल एकेडमी ऑफ डेव्लपमेंट एडमिनिशट्रेटिव एण्ड मैनेजमेंट (फॉरेस्ट), धूमल, महाराष्ट्र, सेन्ट्रल एकेडमी ऑफ फॉरेस्ट एजूकेशन, करशियांग, दार्जिलिंग, प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक, सेन्ट्रल एकेडमी ऑफ स्टेट फॉरेस्ट सर्विसिस, कोयम्बटूर, प्रोवेशनरी सहायक संचालक कृषि अधिकारी, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर, शासकीय स्वाशासी आयुर्वेदिक महाविद्यालय एण्ड हॉस्पिटल, जबलपुर, अन्डर ग्रेजूयेट स्टूडेण्ट, बी.ए.एम.एस के छात्र,, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, छपरा, सिवनी, प्रशिक्षु वनरक्षक, शिवपुरी, अमरकंटक एवं लखनादौन द्वारा किया गया।

8) राज्य वन अनुसंधान संस्थान, पोलीपाथर, जबलपुर में राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड द्वारा स्थापित क्षेत्रीय–सह–सुविधा केन्द्र गृह औषधि वाटिकाओं की स्थापना को राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा। इस केन्द्र द्वारा नागरिकों को गृह औषधि वाटिका स्थापना हेतु आवश्यक तकनीकी सलाह व मार्गदर्शन दिया जाता है। एक परिवार को 20 पौधे तक (एक प्रजाति के अधिकतम 02 पौधे) निःशुल्क उपलब्ध कराये जाते हैं। साथ ही गृह औषधि वाटिकाओं में लगाने हेतु कुछ औषधीय पादप प्रजातियो के बारे में विस्तृत जानकारी तकनीकी सलाह/मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा दी जा रही है। केन्द्र द्वारा निम्न औषधीय पौधों तथा उनकी कृषि तकनीक के बारे में जानकारी तैयार की गई है।

9) वनोपज वन ग्रामों में निवासरत परिवारों की अजीविका अर्जन का प्रमुख स्त्रोत रहें। वनोपजो के संग्राहकों एवं व्यापारियो को लघुवनोपजों के बाजार एवं उनके मूल्यों की जानकारी उपलब्ध कराने के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश राज्य लघुवनोपज (व्यापार एवं विकास) संघ, मर्यादित भोपाल से वित्तीय सहायता प्राप्त कर सामाजिक आर्थिक एवं विपणन शाखा अंतर्गत वर्ष 2001 में विपणन सूचना प्रकोष्ठ का गठन किया जिसके अंतर्गत त्रैमासिक पत्रिका वन–धन व्यापार का प्रकाशन किया। विपणन सूचना प्रकोष्ठ को क्रियान्वित रखने हेतु तीन विपणन केन्द्रो की स्थापना कटनी, इंदौर एवं शिवपुरी में मध्यप्रदेश लघुवनोपज संघ से सहयोग प्राप्त कर की गई। वन–धन व्यापार पत्रिका में मध्यप्रदेश के प्रमुख लघुवनोपज व्यापार केन्द्रो के साथ–साथ छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं राष्ट्रीय स्तर नई दिल्ली में चल रहे लगभग 100 लघुवनोपजो के बाजारो मूल्यों का समावेश पत्रिका में किया गया साथ ही महत्वपूर्ण औषधीय पौधो की खेती तकनीक, वनोपज समाचार एवं शोध पत्र का प्रकाशन किया जाता रहा है। जो कि लघुवनोपजो के संग्राहक, व्यापारी, वनौषधियों की खेती कर रहे कृषक एवं वन समितियों को उत्पाद के क्रय–विक्रय हेतु अनुमान, सूचनायें एवं निर्णय लेने में अत्यंत की उपयोगी रही है। वर्ष 2020 में वन–धन व्यापार पत्रिका के प्रकाशन के 20 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं।

1.8 मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड का गठन

भारत सरकार द्वारा अधिसूचित जैवविविधता अधिनियम, 2002 की धारा 63 (1) के अनुसार राज्य शासन द्वारा मध्य प्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 दिनांक 17.12.2004 को अधिसूचित किये गये। जिसके अंतर्गत राज्य शासन की अधिसूचना 11 अप्रैल 2005 अनुसार मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड का गठन किया गया।

1.8.1 जैवविविधिता बोर्ड का उद्देश्य :

जैवविविधता अधिनियम, 2002 की धारा 23 एवं मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 14 के तहत मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड का निम्नानुसार उद्देश्य/भूमिका है –

अ. जैवविविधता का संरक्षण,

ब. जैवविविधता के संघटकों का संवहनीय (पोषणीय) उपयोग तथा

स. जैव संसाधनों और ज्ञान के वाणिज्यिक (व्यापारत्मक) उपयोग से उद्‌भूत लाभ का उचित और साम्यपूर्ण प्रभाजन।

1.8.2 मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड का संचालक मण्डल

राज्य शासन की अधिसूचना दिनांक 11.04.2005 अनुसार मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड गठित किया गया है। बोर्ड के अध्यक्ष, पदेन सदस्यगण एवं अशासकीय (राज्य शासन की अधिसूचना दिनांक 24.11.2016 एवं 08.02.2017 अनुसार) सदस्यगण नियुक्त हैं।

बोर्ड का कोई संभागीय/जिला/तहसील/विकासखंड कार्यालय नहीं है।

1.8.3 संचालक मण्डल की बैठक

मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड की 17वीं बोर्ड बैठक मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन तथा अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 02.06.2020 को सम्पन्न हुई।

1.8.4 वित्तीय वर्ष 2020–21 में मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा उद्‌देश्य पूर्ति हेतु संचालित गतिविधियां/कार्य –

1. जैवविविधता का संरक्षण

- **मध्यप्रदेश जैवविविधता रणनीति व कार्ययोजना 2018–30 (Madhya Pradesh Biodiversity Strategic and Action Plan 2018-2030 – MPBSAP)** – मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जैवविविधता स्वामित्व रखने वाले शासकीय विभागों (वन, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन, जल संसाधन) के सहयोग व सहमति से **मध्यप्रदेश जैवविविधता रणनीति व कार्ययोजना 2018–30** तैयार किया गया।

  मध्यप्रदेश जैवविविधता रणनीति व कार्य योजना 2018–30 का विमोचन मान. मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन व अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा दिनांक 31.08.2020 को किया गया। **मध्यप्रदेश जैवविविधता रणनीति व कार्ययोजना 2018–30** का क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण जैवविविधता स्वामित्व रखने वाले शासकीय विभागों के सहयोग से किया जावेगा।

- **जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित परियोजनायें**– मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जैवविविधता से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर शोध एवं दस्तावेजीकरण परियोजना शोध संस्थाओं, महाविद्यालयों एवं अशासकीय संस्थाओं के माध्यम से संचालित की जाती है। वर्ष 2020–21 में कुल 28 परियोजनायें संचालित की जा रही हैं।

- **जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन**– मान. राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एन.जी.टी) नई दिल्ली द्वारा प्रकरण क्रमांक 347/2016 में दिनांक 18.03.2020 को पारित आदेश के तहत प्रदेश में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा समस्त स्थानीय निकाय स्तर पर शत–प्रतिशत जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन किया गया है।

- **लोक जैवविविधता पंजी** – मान. राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एन.जी.टी) नई दिल्ली द्वारा प्रकरण क्रमांक 347/2016 में दिनांक 18.03.2020 को पारित आदेश के तहत निम्नानुसार कार्यवाही की गयी –

  1. **प्रदेश में स्थानीय निकाय स्तर पर** Digital Dynamic लोक जैवविविधता पंजी निर्माण किया गया।

  2. मध्यप्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय का पत्र क्रमांक/विद्या/टी/जैवविविधता/2019–20/2747 दिनांक 20.12.2019 तथा मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक/ 1006/317/आउशि/शाखा–5 अ/2019 दिनांक 06.01.2020 अनुसार प्रदेश के विद्यालय/महाविद्यालय द्वारा जनपद पंचायत स्तर पर लोक जैवविविधता पंजी निर्माण किया जा रहा है। प्रथम चरण में बोर्ड को प्राप्त प्रस्ताव अनुसार 112 जनपद पंचायत स्तर पर लोक जैवविविधता पंजी का निर्माण (जैवविविधता एवं जैवसंसाधनों का दस्तावेजीकरण) कार्य प्रगति पर है।

बजट प्रावधान

मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड को वित्त वर्ष 2020–21 में निम्नानुसार बजट अनुदान शासन द्वारा प्रावधानित किया गया है जिसका विवरण तालिका क्रमाक 1.57 में दर्शित है ।

तालिका क्रमांक – 1.57

(दिनांक 31.12.2020 की स्थिति में)

क्र.	बजट शीर्ष	प्रावधान राशि	प्राप्त राशि	व्यय राशि
1.	7672–जैवविविधता एवं जैवप्रौद्योगिकी से संबंधित परियोजनाओं का पोषण	90.93 लाख	50.92 लाख	41.91 लाख
2.	7856 – जैवविविधता बोर्ड से संबंधित व्यय	429.00 लाख	429.00 लाख	182.17 लाख
	योग	**519.93 लाख**	**429.00 लाख**	**224.08 लाख**

1.9 मध्य प्रदेश ईकोपर्यटन विकास बोर्ड

- मध्यप्रदेश ईकोपर्यटन विकास बोर्ड म.प्र.शासन के वन विभाग के अंतर्गत एक स्वशासी संस्था है, जिसका गठन 12.07.2005 को म.प्र.सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1973 के अंतर्गत किया गया था। बोर्ड द्वारा मध्य प्रदेश राज्य की वन नीति 2005 की कंडिका 3.16 ईकोपर्यटन नीति निर्देशों के अनुसार ईकोपर्यटन गतिविधियों का विस्तार किया जा रहा है।

- म.प्र.ईकोपर्यटन विकास बोर्ड के गतिविधियों के संचालन हेतु राज्य शासन के बजट मद 5830 से अनुदान, राष्ट्रीय उद्यान/अभयारण्यों की विकास निधि से 10 प्रतिशत राशि एवं अन्य स्त्रोतों से वित्तीय संसाधन प्राप्त होते हैं।

  वित्तीय वर्ष 2020–21 मे विभिन्न स्त्रोतों से बोर्ड को निम्नानुसार वित्तीय संसाधन प्राप्त हुए हैं जिसका विवरण तालिका क्रमांक 1.58 में दर्शित है :–

तालिका क्रमांक – 1.58

अनु.क्र	स्त्रोत	माह नवम्बर 2020 तक प्राप्त राशि (रू.लाख में)	माह नवम्बर 2020 तक व्यय राशि (रू.लाख में)
1.	राज्य शासन से बजट मद 5830 से बोर्ड को अनुदान	181.87	181.87
2.	राष्ट्रीय उद्यान/अभयारण्यों की विकास निधि से प्राप्त राशि	123.33	127.16
	योग :–	**305.20**	**309.03**

- **बोर्ड की प्रशासनिक संरचनाः–**

बोर्ड की प्रशासनिक संरचना में दो प्रमुख समितियाँ हैंः– साधारण सभा एवं कार्यकारी समिति। साधारण सभा के पदेन सभापति माननीय वन मंत्री, म.प्र.शासन है तथा कार्यकारी समिति के पदेन अध्यक्ष प्रमुख सचिव, वन विभाग हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, वन विभाग दोनों समितियों के सदस्य है। बोर्ड में मुख्य कार्यपालन अधिकारी और सहायक महाप्रबंधक पदस्थ हैं, जो वन विभाग से प्रतिनियुक्ति पर हैं। प्रदेश के 16 क्षेत्रीय वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक, 11 अनुसंधान एवं विस्तार वृत्तों के मुख्य वन संरक्षक, 63 क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारी और 10 राष्ट्रीय उद्यान के संचालक एवं उप संचालक बोर्ड के पदेन क्षेत्रीय अधिकारी हैं।

- **बोर्ड की प्रमुख गतिविधियॉ निम्नानुसार हैं :–**

अ. ईकोपर्यटन गंतव्य स्थलों की पहचान एवं विकास

ब. टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों में ईकोपर्यटन विकास

स. जागरूकता कार्यक्रम

द. प्रशिक्षण सह क्षमता विकास

उक्त गतिविधियों में किये गये प्रमुख कार्यों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :–

अ. ईकोपर्यटन गंतव्य स्थल का विकासः

म.प्र.राज्य द्वारा ईकोपर्यटन गंतव्य स्थलों के विकास हेतु अधिसूचना दिनांक 25 फरवरी, 2016 द्वारा म.प्र.वन (मनोरंजन एवं वन्यप्राणी अनुभव) नियम, 2015 अधिसूचित किये गये हैं। इन नियमों का प्रमुख उद्देश्य आरक्षित वनों में मनोरंजन क्षेत्र/वन्यप्राणी अनुभव क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जाकर ईकोपर्यटन की आधारभूत संरचनायें विकसित की जाना है। माह नवम्बर 2020 तक कुल 129 स्थल उक्त नियम के तहत मनोरंजन/वन्यप्राणी अनुभव क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किये जा चुके हैं, जिनमें से 61 क्षेत्रों को विकसित करने हेतु योजनायें स्वीकृत की जा चुकी हैं। अब तक मनोरंजन/वन्यप्राणी अनुभव क्षेत्रों के अतिरिक्त 123 गंतव्य स्थलों की स्वीकृति दी गई है।

बोर्ड द्वारा हिनौता, कुकरू, समर्धा, कठौतिया, देवरी, पायली, मटकुली, बोरियामाल, रनेह फॉल, गांधीसागर, परसापानी गंतव्य स्थलो में कक्ष/टेंट, एक दिवसीय पैकेज एवं कैम्प की गतिविधियों की बुकिंग हेतु Online Booking सुविधा आरंभ की गई है।

ब. टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में ईकोपर्यटन विकासः

म.प्र.राज्य मे टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिये मुख्य आकर्षण का केन्द्र हैं। राज्य के सभी टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में पर्यटन के दबाव को कम करने की दृष्टि से इनके बफर क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसके तहत प्रदेश के 6 टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों एवं अन्य प्राकृतिक सौन्दर्य के क्षेत्रों के 30 गंतव्य स्थलों में विभिन्न ईकोपर्यटन गतिविधियां प्रारम्भ की गई है। पर्यटकों की सुविधा हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) म.प्र. द्वारा बफर क्षेत्रों के प्रवेश हेतु भी Online Booking सुविधा प्रारम्भ की जा चुकी है। पर्यटन वर्ष 2019–20 में लगभग 59,000 पर्यटकों के द्वारा विभिन्न टाईगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों में भ्रमण किया गया।

स. जागरूकता कार्यक्रमः

जागरूकता कार्यक्रम ''अनुभूति'': वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण के संरक्षण की आवश्यकता दर्शाने एवं इस संदेश के समाज में प्रचार–प्रसार हेतु बोर्ड द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। जन सामान्य में वन एवं वन्यप्राणी तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने के संदेश के प्रसार हेतु स्कूली विद्यार्थी प्रभावशाली संवाहक हैं। इसे ध्यान में रखते हुये वन विभाग द्वारा म.प्र. ईकोपर्यटन विकास बोर्ड के माध्यम से प्रतिवर्ष ''अनुभूति कार्यक्रम'' का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में विद्यार्थियों को स्थानीय प्राकृतिक सौंदर्य के स्थलों में वन भ्रमण, नेचर ट्रेल भ्रमण एवं अन्य गतिविधियॉ आयोजित कर पारिस्थितिकी के घटकों की व्याख्या, पर्यावरण सरंक्षण, जैव विविधिता, पक्षी दर्शन, वन औषधी एवं वन प्रबंधन की सामान्य जानकारी एवं अनुभव प्रदान किया गया। फील्ड् ट्रेनर्स हेतु दो दिवसीय फील्ड् ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन माह नवम्बर 2020 में म.प्र. जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी) भोपाल में किया गया जिसमें 60 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया कोविड–19 की परिस्थितियों के कारण शेष प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए । वर्ष 2020–21 हेतु कोविड–19 की परिस्थितियों के कारण स्कूल बंद होने से अनुभूति शिवरों का आयोजन संभव नहीं हो पा रहा है।

द. प्रशिक्षण सह क्षमता विकासः

ईकोपर्यटन गतिविधियों का मूल उद्देश्य ईकोपर्यटन से स्थानीय समुदाय की आजीविका के अवसर विकसित करना भी है, जिसे ध्यान में रखते हुये स्थानीय नागरिकों को गाईड प्रशिक्षण, नाविक प्रशिक्षण, खानसामा प्रशिक्षण, कैम्प प्रबंधन प्रशिक्षण आदि हेतु कोविड–19 की परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रशिक्षण के आयोजन हेतु तैयारियॉ की गई जिसमें टाइगर रिजर्व के कोर एवं बफर क्षेत्र में कार्यरत लगभग 650 गईडों को प्रशिक्षण दिया गया एवं जारी है।

1.10 मध्यप्रदेश राज्य बांस मिशन

1.10.1 म.प्र. राज्य बांस मिशन की स्थापना एंव उद्देश्य :–

प्रदेश के बांस वनों की उत्पादकता में कमी तथा बांस एवं बांस उत्पादों के विपणन में हो रही कठिनाईयों की दूर करने के लिये राज्य शासन द्वारा दिनांक 3 जुलाई 2013 को म.प्र. राज्य बांस मिशन (सोसायटी) के गठन के आदेश दिये गये। बांस मिशन का दिनांक 15.07.2013 को मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 के अधीन पंजीकरण किया गया। सितम्बर 2013 से मिशन द्वारा पृथक से कार्य प्रारंभ किया गया।इसी के साथ प्रदेश में बांस शिल्पियों के मामलो पर सलाह देने हेतु मध्यप्रदेश राज्य बांस मिशन के अंतर्गत 'मध्यप्रदेश बांस एवं बांस शिल्प विकास बोर्ड' का गठन किया गया।

राज्य बांस मिशन का मुख्य कार्य राष्ट्रीय बांस मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रदेश स्तर पर योजना तैयार कर उसको क्रियान्वयन कराना है। पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन के नवीन दिशा–निर्देशों के अनुसार राज्य शासन द्वारा वन विकास अभिकरणों को जिला स्तरीय बेम्बू डेवलेपमेंट एजेन्सी का कार्य भी अतिरिक्त रूप से करने हेतु अधिकृत किया गया है।

म.प्र. राज्य बांस मिशन की साधारण सभा के अध्यक्ष म.प्र. शासन के वनमंत्री तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी सदस्य सचिव है। मिशन की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष, अपर मुख्य सचिव वन/प्रमुख सचिव वन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सदस्य सचिव है।

वर्तमान में प्रधान मुख्य वनसंरक्षक स्तर के अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी हैं।

1.10.2 म.प्र. राज्य बांस मिशन की योजनाएं तथा कार्यक्रम

म.प्र. राज्य बांस मिशन को योजना क्रमांक 7458– समग्र बांस विकास योजना 42 सहायक अनुदान 007 अन्य के अंतर्गत केन्द्र प्रवर्तित योजना में केन्द्रांश एवं राज्यांश के रूप में राशि प्राप्त होती है।

वर्ष 2020–21 में राष्ट्रीय बांस मिशन द्वारा मध्य प्रदेश की रू. 2327.63 लाख की योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें केन्द्रांश एवं राज्यांश का 3:2 का अनुपात है।

योजना हेतु राज्य बांस मिशन को अनुदान की प्रथम किश्त प्राप्त हो चुकी हैं।

1.10.3 विगत वर्षों में प्रदेश के बांस क्षेत्र विकास हेतु कराये गये मुख्य कार्यों का विवरण निम्नानुसार है–

व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बांस प्रजातियों का विकास एवं बांस की उन्नत किस्मों का उत्पादन तथा बांस कृषि पद्धति का विस्तार

- पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन योजना अंर्तगत 4 उच्च तकनीक बांस रोपणियां (शासकीय) तथा 4 छोटी बांस रोपणियां (निजी क्षेत्र) में तैयार की गई हैं।
- प्रदेश में समस्त 11 एग्रोक्लाइमेटिक जोन में बांस की विभिन्न प्रजातियों की फील्ड ट्रायल हेतु 12 बेम्बूसेटम की स्थापना की गई है।
- फील्ड ट्रायल में सफल बांस प्रजातियों के कृषि भूमि पर बांस प्रदर्शन प्लाट स्थापित किये गये हैं। राष्ट्रीय बांस मिशन योजना अंर्तगत 92 बांस प्रदर्शन प्लाट स्थापित किये गये हैं।
- कृषि क्षेत्र में बांस वृक्षारोपण योजना के अंतर्गत वर्ष 2016–17 से 2019–20 तक 7452 हेक्टेयर क्षेत्र में बांस की विभिन्न प्रजातियों का रोपण कराया गया है।
- बांस सामान्य सुविधा केन्द्रों एवं प्रदेश के प्रमुख बांस कल्स्टरों में निम्नलिखित बांस आधारित सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग स्थापित किये गये हैं जिसका विवरण तालिका क्रमांक – 1.59 में दर्शित है।

तालिका क्रमांक –1.59

बांस इकाई का नाम	निजी क्षेत्र में स्थापित की जाने वाली इकाइयों की संख्या	शासकीय इकाइयों की संख्या
बांस का उपचारण एवं संरक्षण	5	7
बांस उत्पाद निर्माण एवं प्रसंस्करण	20	36
बांस बाजार हेतु अधोसंरचना का विकास	6	5

- म.प्र. राज्य बांस मिशन द्वारा बांस क्षेत्र से जुड़े कार्यो के संपादन हेतु निम्नलिखित संस्थाओं से समन्वय किया गया है –

अ. बांस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास कार्य हेतु म.प्र. लघुवनोपज संघ, उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बैंगलोर तथा वर्षा वन अनुसंधान संस्थान(RFRI), जोरहट से समन्वय किया गया।

ब. बांस उत्पाद निर्माण एवं कौशल उन्नयन हेतु बेम्बू एण्ड केन डेवलेपमेंट इन्स्टीट्यूट (BCDI), म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (MPCST) से समन्वय किया गया।

स. मिशन द्वारा प्रदेश के कुल 2017 परम्परागत बांस शिल्पकारों को बांस उत्पाद निर्माण एवं कौशल उन्नयन हेतु बांस हस्तशिल्प, बास्केटरी, बांस आभूषण, बांस फर्नीचर, टर्निंग प्रोडक्ट एवं यूटीलिटी हस्तशिल्प आइटम इत्यादि विधाओं में प्रशिक्षित कराया गया है।

1.10.4 वर्ष 2020–21 की स्वीकृत कार्य योजना की प्रमुख गतिविधियां निम्नानुसार हैं–

1. बांस की उन्नत किस्मों का उत्पादन तथा बांस कृषि पद्धति का विस्तार

- इस वर्ष राष्ट्रीय बांस मिशन योजना अंर्तगत निजी क्षेत्र में 1 छोटी बांस रोपणियां (निजी क्षेत्र) में स्थापित की जा रही है।
- प्रदेश में बांस मिशन योजना में इस वर्ष 3520 हेक्टयर क्षेत्र में कृषि क्षेत्र में बांस रोपण कराया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रति पौधा 120 रू. की दर से कृषकों को अनुदान प्रदान किया जाता है।
- राज्य बांस मिशन द्वारा प्रदेश के 11 वन मंडलों के अंतर्गत कुल 1020 हेक्टेयर क्षेत्र वन भूमि पर मनरेगा योजना में बांस वृक्षारोपण पूर्ण कार्य कराया गया है। यह कार्य 83 स्व सहायता समुहों के माध्यम से कराया जा रहा है।

2. बांस का उपचारण एवं संरक्षण –

- इस गतिविधि के अंतर्गत निम्नानुसार कार्य कराये जा रहे हैं जिसका विवरण तालिका क्रमांक – 1.60 में दर्शित है।

तालिका क्रमांक – 1.60

बांस इकाई का नाम	निजी क्षेत्र की इकाइयों की संख्या
बांस उपचारण एवं सीजनिंग इकाई	02
बांस कार्बोनाइजेशन इकाई	02
बांस आजीविका प्रसंस्करण केन्द्र	01

3. बांस उत्पाद निर्माण एवं प्रसंस्करण –

इस गतिविधि के अंतर्गत निम्नानुसार कार्य प्रावधानित किये गये हैं जिसका विवरण तालिका क्रमांक – 1.61 में दर्शित है।

तालिका क्रमांक – 1.61

बांस इकाई का नाम	निजी क्षेत्र की इकाइयों की संख्या	शासकीय इकाइयों की संख्या
बांस प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन इकाई	03	04
बांस कचड़ा प्रबंधन ईकाई की स्थापना	02	05
बांस हस्त शिल्प इकाई	0	04
बांस फर्नीचर निर्माण इकाई	03	02
अगरबत्ती काड़ी निर्माण इकाई	0	08
एक्टीवेटेड कार्बन उत्पाद इकाई	0	02
बांस बोर्ड /मेट बोर्ड इकाई	0	01

उपरोक्त में से निजी क्षेत्र की नौ बांस इकाइयों (बांस अपशिष्ट प्रबंधन इकाई–1, अगरबत्ती निर्माण इकाई–4, बांस हस्तशिल्प –1 कार्बोनाइजेशन इकाई–1, बांस रोपणी–1 एवं एक्टीवेटेड कार्बन इकाई–1) को स्वीकृत कर हितग्राहियों को रू. 122.65 लाख का अनुदान वितरित किया गया है।

4. कौशल उन्नयन प्रशिक्षण एवं प्रचार प्रसार–

- इस गतिविधि के अंतर्गत निम्नानुसार कार्य कराये जावेंगे जिसका विवरण तालिका क्रमांक – 1.62 में दर्शित है।

तालिका क्रमांक – 1.62

गतिविधि का विवरण	भौतिक लक्ष्य
बांस शिल्पकार, कृषक,उद्यमियों एवं क्षेत्रीय अमले का प्रशिक्षण	350
बांस कार्यशाला एंव बांस ट्रेड फेयर	11

5. अनुसंधान एवं विस्तार –

- इस गतिविधि के अंतर्गत निम्नानुसार कार्य कराये जा रहे हैं जिसका विवरण तालिका क्रमांक – 1.63 में दर्शित है।

तालिका क्रमांक – 1.63

गतिविधि का विवरण	भौतिक लक्ष्य
बांस प्रदर्शन प्लाट	06
बांस मार्केट रिसर्च	01

वित्तीय उपलब्धियाँ –

- म.प्र. राज्य बांस मिशन का वर्ष 2018–19 एंव 2019–20 में व्यय तथा वर्ष 2020–21 हेतु स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना का विवरण निम्नानुसार है जिसका विवरण तालिका क्रमांक – 1.64 में दर्शित है।

तालिका क्रमांक – 1.64

राशि– लाख रू. में

क्र.	योजना का नाम	वर्ष	राज्यांश	केन्द्रांश	योग
1.	योजना क्रमांक 7458 समग्र बांस विकास योजना	2018–19	1637.54	1111.20	2748.74
2.		2019–20	767.37	511.58	1278.95
3.		2020–21 (स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना)	1396.58	931.05	2327.63

भाग–2
बजट विहंगावलोकन

2.1 आयोजना व्यय :–

वर्ष 2018–19 से 2020–21 की अवधि का आयोजना मद में आवंटन एवं व्यय का विवरण निम्नानुसार तालिकाओ मे दर्शित है।

तालिका क्रमांक 2.1
राज्य योजनाएँ

(राशि लाख रू. में)

योजना का नाम	2018–19		2019–20		2020–21 (दिसम्बर तक)	
	प्रावधान	व्यय	प्रावधान	व्यय	प्रावधान	व्यय
(0190) डिक्रीधन का भुगतान	30.00	29.87	36.00	24.20	11.52	11.47
(0252) अनुग्रह अनुदान आर्थिक सहायता	5.40	5.40	5.46	1.92	0.00	0.00
(0534) वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत व्यापवर्तित वन भूमि से वनोपज का विदोहन	346.60	276.99	120.59	51.45	69.04	58.43
(0535) ईमारती	8958.50	8601.00	6618.55	2337.35	9436.56	7031.97
0667 कृषि वानिकी हेतु उपमिशन	378.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
(0678) वनग्राम एवं अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में विकास कार्य	0.01	0.00	0.01	0.00	0.01	0.00
(0792) कर्मचारी कल्याण	250.37	220.89	104.00	51.07	14.40	10.67
(0833) नर्मदा नदी के किनारे वन भूमि पर वृक्षारोपण	1350.00	1178.94	666.09	0.00	0.00	0.00
(0999) ढीमरखेड़ा माइक्रो सिंचाई योजना	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
(1093) खैर	0.24	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
(1306) वैकल्पिक वृक्षारोपण निधि से व्यय	2508.19	1894.75	909.31	654.80	80.00	61.05

योजना का नाम	2018–19		2019–20		2020–21 (दिसम्बर तक)	
	प्रावधान	व्यय	प्रावधान	व्यय	प्रावधान	व्यय
(1306) वैकल्पिक वृक्षारोपण निधि से व्यय					1000.00	555.11
(2298) काष्ठ एवं बांस विक्रय केन्द्र की स्थापना	25.00	0.00	0.01	0.00	0.00	0.00
(2299) मुख्यमंत्री तेन्दूपत्ता संग्राहक कल्याण दुर्घटना सहायता योजना	180.00	23.00	18.19	4.00	0.00	0.00
(2301) बांस शिल्पकारों को छात्रवृत्ति योजना	12.50	0.00	8.00	0.00	1.60	0.40
(2330) वन मानचित्रों का डिजिटाईजेशन	500.00	0.00	5000.00	16.92	798.32	45.02
(2536) विस्तार वानिकी	1976.90	1721.75	1905.03	896.71	800.01	549.77
(2723) प्रशासन सुदृढ़ीकरण	2027.80	1629.37	2090.71	1021.79	1799.80	1215.20
(2901) बांस	1264.50	1084.40	809.79	119.70	421.24	363.61
(3873) वन अपराध का पता लगाने हेतु पुरस्कार	14.00	12.03	12.73	6.37	2.19	1.61
(3885) वन विकास निधी से अंतरण	9.00	0.00	9.09	0.00	0.01	0.00
(3896) वन्यप्राणी द्वारा जनहानि करने का क्षतिपूर्ति	1584.00	1322.08	1440.35	967.72	1443.35	1102.32
(4342) वन अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण	5078.31	4488.30	5101.19	2822.33	3601.19	1325.16
(5108) अध्ययन एवं अनुसंधान	221.00	216.41	220.31	52.81	150.00	85.62
(5109) ग्रामों के पुर्नवास हेतु मुआवजा	6000.00	5429.99	6250.00	3114.17	1470.01	1540.00
(5387) कार्य योजना का निर्माण	0.00	0.00	600.00	304.22	550.00	293.60
(5399) मध्यप्रेदश प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि प्रबंधन योजना	0.00	0.00	25000.00	0.00	10000.00	7406.29
(5830) ईको टूरिज्म बोर्ड को अनुदान	900.00	900.00	909.31	429.18	181.89	181.87
(6218) भवनो की मरम्मत	900.00	848.77	1336.52	679.28	728.13	541.75

योजना का नाम	2018–19		2019–20		2020–21 (दिसम्बर तक)	
	प्रावधान	व्यय	प्रावधान	व्यय	प्रावधान	व्यय
(6349) संरक्षित क्षेत्र के बाहर वन्यप्राणी प्रबंधन	992.00	930.68	974.61	474.29	774.59	459.38
(6355) जू एवं रेस्क्यू सेन्टर की स्थापना	155.76	101.70	1231.04	306.36	311.39	284.22
(6397) नर्सरियों में पौधा तैयारी	7937.39	7019.54	4107.23	3206.44	4041.35	1906.60
(6572) साल बोरर	0.01	0.00	0.01	0.00	0.01	0.00
(6699) वन विकास उपकर निधि से व्यय	3760.00	3647.01	1832.40	0.00	0.03	0.00
(7097) कौशल विकास	10.00	9.99	5.09	6.58	0.00	0.00
(7672) जैव विविधता एवं जैव प्रौद्योगिकी से संबंधित परियोजनाओं का पोषण	100.00	70.00	90.93	20.00	90.93	50.92
(7680) संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को लाभांश का प्रदाय	6600.00	1917.72	5201.45	2397.18	1040.29	1040.29
(7691) निजी भूमि पर वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना	162.00	50.09	71.29	33.78	0.00	0.00
(7781) मालिक मकबूजा लकड़ी का क्रय	3132.00	3467.67	0.01	1016.71	2956.00	2603.70
(7800) सोलर स्सिटम का रख–रखाव	63.00	54.26	28.00	13.17	5.60	5.60
(7856) जैव विविधता बोर्ड संबंधी व्यय	386.10	386.10	429.00	85.80	429.00	429.00
(7882) कार्य योजनाओं का क्रियान्वयन – संरक्षण समूह	34088.50	32992.82	42445.07	27123.56	34843.56	20581.47
(8808) सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी कार्य	90.00	23.35	36.00	20.31	7.20	7.19
(9136) वनोपज निकासी मार्ग का संधारण	30.00	29.98	190.00	103.70	181.00	100.53
(9137) वनक्षेत्रों में सार्वजनिक मार्गो का संधारण	30.00	29.99	20.00	15.49	8.00	7.62
(9138) वनक्षेत्रों में पेट्रोलिंग मार्गो का संधारण	40.00	39.97	40.00	29.40	16.00	12.07

योजना का नाम	2018–19		2019–20		2020–21 (दिसम्बर तक)	
	प्रावधान	व्यय	प्रावधान	व्यय	प्रावधान	व्यय
(9184) राज्य वन अनुसंधान संस्थान	630.00	630.00	636.52	356.45	400.00	224.00
(9664) केम्पा प्रतिपूरक वनीकरण					7808.05	2795.35
(9665) केम्पा आवाह क्षेत्र उपचार प्रभार					263.40	99.02
(9666) केम्पा वन्य जीव संरक्षण योजना प्रभार					0.60	0.00
(9667) केम्पा निवल वर्तमान मूल्य					27069.80	15839.14
(9668) केम्पा ब्याज					4869.12	8.14
(9669) केम्पा अन्य					0.60	0.00
5110 बुन्देलखण्ड पैकेज	0.01	0.00	0.01	0.00	0.00	0.00
4349 सड़कों का निर्माण एवं सड़क व पुलों की दुरस्ती	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
6898 13 वां वित्त आयोग	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
7687 कार्य आयोजना का क्रियानवयन पुनर्स्थापना समूह	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
7688 कार्य आयोजना का क्रियान्वयन अन्य कार्यवृत्त	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
7240 सेटेलाईट इमेजरी का क्रय	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
7487 प्राकृतिक संसाधनों एवं परिस्थितिक तंत्र का संरक्षण	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
7461 अभिनव योजना	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
7462 हरियाली चुनरी	195.20	171.94	0.00	0.00	0.00	0.00
7459 कुटीर उद्योग नेटवर्क की स्थापना	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
7460 किसान लक्ष्मी योजना	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
0674 दीनदयाल वनांचल	468.00	156.20	0.00	0.00	0.00	0.00
2027 राज्य कैपा अंश	32.40	12.58	0.00	0.00	0.00	0.00
योग	**93422.70**	**81625.53**	**116509.90**	**48765.21**	**117675.79**	**68835.16**

तालिका क्रमांक 2.2

केन्द्र प्रवर्तित योजनायें

(राशि लाख रू.में)

योजना का नाम	2018–19		2019–20		2020–21	
	प्रावधान	व्यय	प्रावधान	व्यय	प्रावधान	व्यय
(3730) Wildlife Habibat			21669.47	3816.86	2687.66	2141.47
(3730) वन्यजीव पर्यावास का समन्वित विकास	19808.03	10394.32			8670.67	3967.75
(5317) Modern Forest fire Control Method			490.02	222.79	289.12	148.96
(5317) गहन वन प्रबंधन	700.02	657.01			0.04	0
(7458) समग्र बांस विकास योजना (बांस मिशन) (केन्द्रीय प्रवर्तित)	18018	2836.73	3584	1307.75	2715	1249.44
(7488) राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम (ग्रीन इंडिया)	15810	3057.67	6000	2554.22	6000.01	2400
(7489) आयुष सहित औषधीय पौधों पर राष्ट्रीय मिशन	22.5	0	0	0	0	0
योग:–	**54358.55**	**16945.73**	**31743.49**	**7901.62**	**20362.5**	**9907.62**

तालिका क्रमांक 2.3

केन्द्र क्षेत्रीय योजना/बाहय वित्त पोषित योजनायें

(राशि लाख रू. में)

योजना का नाम	2018–19		2019–20		2020–21	
	प्रावधान	व्यय	प्रावधान	व्यय	प्रावधान	व्यय
(0664) इको सिस्टम सर्विसेस इम्प्रूवमेन्ट प्रोजेक्ट	0.01	0	0.02	0	2000.00	924.59
(5231) लघुवनोपज संघ को अनुदान	1265.67	824.63	1270.67	721.80	0	0
योग	**1265.68**	**824.63**	**1270.69**	**721.80**	**2000.00**	**924.59**

तालिका क्रमांक 2.4

स्थापना व्यय

(राशि लाख रू. में)

योजना का नाम	2018–19		2019–20		2020–21	
	प्रावधान	व्यय	प्रावधान	व्यय	प्रावधान	व्यय
(0812) कार्यकारी योजना संगठन एवं कार्यकारी वन वृतों की स्थापना	110216.37	89895.94	99057.17	76216.95	105838.3	71224.18
(2899) राष्ट्रीय उद्यान स्थापना	12513	10960.74	12458.40	9449.36	13549.41	8972.69
(3555) Head Quarters	5608.76	4259.95	5937.15	3258.94	5851.01	2927.95
(4462) Forest Training	2517.08	1846.15	2407.37	1581.71	2487.35	1699.4
योग	**130855.21**	**106962.78**	**119860.09**	**90506.96**	**127726**	**84824.22**

2.2 आयोजनेत्तर व्यय एवं राजस्व :–

आयोजनेत्तर वार्षिक आवंटन एवं व्यय तथा सकल राजस्व का विवरण निम्नानुसार तालिकाओं मे दर्शित है।

तालिका क्रमांक 2.5

आयोजनेत्तर व्यय

(राशि करोड़ में)

क्र.	मद	2018–19		2019–20		2020–21 (माह दिसम्बर 2020 तक)	
		आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय
1	वेतन एवं भत्ते	905.23	861.52	982.02	756.75	1052.55	697.23
2	मजदूरी	157.19	148.68	681.35	404.63	730.55	486.19
3	कार्यालय व्यय	31.65	28.55	44.22	32.47	42.35	30.31
4	अनुरक्षण कार्य	2.32	2.07	5.47	2.96	1.67	1.29
5	भवनों/सड़कों का रखरखाव	10.00	9.49	14.59	9.40	8.95	6.62
6	ईमारती लकड़ी, बांस, खैर	0	0	73.28	31.71	94.71	74.54
7	अनुग्रह/अनुदान	6.35	6.35	5.14	3.58	3.20	2.24
8	गोपनीय सेवा, क्षतिपूर्ति पुरस्कार	15.98	13.34	11.62	11.04	11.56	11.04
9	लाभांश	66.00	19.18	41.61	24.03	10.40	10.40
10	कर एवं रायल्टी	158.45	0.95	0.76	0.03	0.23	0.20
11	विज्ञापन, सामग्री पूर्तियां एवं अन्य	129.14	48.18	791.67	292.38	642.51	324.73
12	भारित मद (डिक्रीधन)	0.30	0.30	0.29	0.24	0.12	0.11
13	वन विकास निधि में अंतरण	0.09	0.00	0.07	0.00	0.00	0.00
	योग	**1482.70**	**1138.62**	**2652.10**	**1569.25**	**2598.79**	**1644.92**

तालिका क्रमांक 2.6

कर, करेत्तर, सकल राजस्व

कर, करेत्तर, कुल राजस्व एवं वानिकी से आय

(राशि करोड़ में)

क्रमांक	राजस्व एवं व्यय	वर्ष 2018–19	वर्ष 2019–20	वर्ष 2020–21 (माह नवम्बर 2020 तक)
1	कर राजस्व	154.01	126.47	71.59
2	करेत्तर राजस्व	962.28	766.45	701.23
3	योग (1+2):–	1116.29	892.92	772.82
4	**वानिकी से सकल राजस्व**	**1116.29**	**892.92**	**772.82**

तालिका क्रमांक 2.7

बजट शीर्ष 0406 – वानिकी और वन्य जीवन

मदवार राजस्व

(राशि करोड़ में)

राजस्व बजट शीर्ष	2018–19		2019–20		2020–21 (माह नवम्बर 2020 तक)	
	बजट प्रावधान	प्राप्त आय	बजट प्रावधान	प्राप्त आय	बजट प्रावधान	प्राप्त आय
(101) लकड़ी और अन्य वन उत्पाद की बिक्री						
(0180) शासकीय अभिकरण द्वारा वन से हटाई गई इमारती लकड़ी तथा अन्य वन उपज	98.21	12.56	87.30	7.18	8.23	14.20
(0189) उपभोक्ता अथवा क्रेताओं द्वारा वन से हटाई गई इमारती लकड़ी	93.68	8.69	80.74	9.06	16.47	4.41

राजस्व बजट शीर्ष	2018–19		2019–20		2020–21 (माह नवम्बर 2020 तक)	
	बजट प्रावधान	प्राप्त आय	बजट प्रावधान	प्राप्त आय	बजट प्रावधान	प्राप्त आय
(102) सामाजिक और फार्म वानिकी से प्राप्तियां	1.95	1.71	1.68	4.02	3.70	3.52
(103) पर्यावरणीय वानिकी से प्राप्तियां						0.02
(201) तेन्दू पत्ते के व्यापार से प्राप्तियां	0.26	0.00	0.24	0.07	0.08	0.05
(202) छोटी वन उपज का राजकीय व्यापार	0.00	0.11	0.00	0.05	0.00	0.05
(203) इमारती लकड़ी का राजकीय व्यापार	690.69	729.45	990.75	662.38	723.79	401.82
(204) बांस का राजकीय व्यापार	38.85	20.55	38.48	14.97	20.58	10.31
205–साल बीज का रा. जकीय व्यापार			0.00		0.00	
(206) खैर का राजकीय व्यापार	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.02
(800) अन्य प्राप्तियां	226.36	211.78	300.81	70.23	463.39	266.85
0045–वस्तुओं और सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क वेट कर	0.00	0.00				
0236 वन विकास उपकर से प्राप्तियॉ	0.00	30.84	0.00	8.21	0.00	0.70
8443– सिविल जमा राशि (जी.एस.टी)		100.60	0.00	116.75	162.69	70.87
महायोग	**1150.00**	**1116.29**	**1500.00**	**892.92**	**1398.93**	**773.82**

भाग–3
योजनाएँ

3.1 कार्य आयोजनाओं का क्रियान्वयन

विभाग में प्रत्येक वनमण्डल के 10 वर्षो की कार्य आयोजना तैयार कर वनों का प्रबंधन किया जाता है। कार्य आयोजना के माध्यम से कम घनत्व वाले वन क्षेत्रों में वनीकरण किया जाता है, साथ ही बिगडे वनों के सुधार गतिविधियॉ एवं सघन वनों में पुनरूत्पादन हेतु सहायक वन वर्धनिक कार्य, वन सीमांकन एवं अग्नि सुरक्षा कार्य कराये जाते है। जहां आवश्यक है वहां राशि की उपलब्धता अनुसार भूमि एवं जल संरक्षण किया जाता है। क्षेत्र की तकनीकी उपयुक्तता एवं आवश्यकतानुसार चारागाह एवं जलाऊ रोपण भी किया जाता है। इस हेतु कार्य आयोजनाओं का क्रियान्वयन एवं वन विकास उपकर निधि से व्यय योजना के अन्तर्गत बजट में प्रावधान कराया जाता है।

कार्य आयोजनाओं के क्रियान्वयन अन्तर्गत विगत वर्षो में कराये गये कार्यों की भौतिक एवं आर्थिक उपलब्धियों की जानकारी तालिका क्रमांक 3.1 में दर्शित है ।

तालिका क्रमांक 3.1

क्षेत्रफल हे. में /राशि लाख रु. में

वर्ष	कार्य आयोजनाओं के कार्यवृत्त	लक्ष्य		उपलब्धि	
		भौतिक	आर्थिक	भौतिक	आर्थिक
2016-2017	संरक्षण समूह	18016	54708.60	18016	49763.49
	पुनरूत्पादन समूह	131739		130739	
	पुनर्स्थापना समूह	158966		151861	
2017-2018	संरक्षण समूह	5870	48707.03	5870	47058.28
	पुनरूत्पादन समूह	171789		171789	
	पुनर्स्थापना समूह	93517		93517	
2018-2019	संरक्षण समूह	14570	38775.00	14570	36640.00
	पुनरूत्पादन समूह	167274		167274	
	पुनर्स्थापना समूह	169676		169676	
2019-2020	संरक्षण समूह	3453	42445.07	3453	35348.13
	पुनरूत्पादन समूह	141061		141061	
	पुनर्स्थापना समूह	89386		89386	
2020-2021	पुनरूत्पादन समूह	123320	33085.82	सतत	21824.72
	पुनर्स्थापना समूह	11539		सतत्	(Upto Jan.2021)

विभिन्न विभागीय योजनान्तर्गत निम्नानुसार पौधा रोपण का कार्य का विवरण तालिका क्रमांक 3.2 में दर्शित है ।

तालिका क्रमांक 3.2

रोपण वर्ष	विभागीय रोपण (पौधों की संख्या)
2016-2017	4,51,59,156
2017-2018	5,88,39,400
2018-2019	5,43,71,563
2019-2020	3,34,29,268
2020-2021	3,86,00,000

3.2 वन अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण

इस योजना के अंतर्गत मुख्यतः वन विभाग के कार्यालय भवन, वन कर्मचारियो के आवास, सामूहिक गश्ती दल के लिये चौकी, चौकी पर रहने वाले कर्मचारियों के परिवारों को आवास हेतु लाईन क्वार्टर का निर्माण कराया जाता है। इस योजना से वन प्रबंध हेतु विश्राम गृह, वनमार्ग निर्माण, पुल पुलिया, रपटा, सौर ऊर्जा, जल प्रबंध, दूर संचार, वॉचटावर, बेरियर आदि जैसी अधोसंरचना का भी निर्माण कार्य कराया जाता है। व्यय की जानकारी तालिका क्रमांक 3.3 में दर्शित है।

तालिका क्रमांक 3.3

वर्ष	भौतिक	आर्थिक लाख रु. में
2016-2017	298 भवन	3496.43
2017-2018	270 भवन	4482.45
2018-2019	307 भवन	4488.00
2019-2020	338 भवन	3739.91
2020-2021	174 भवन	1458.37 (Upto Jan.2021)

3.3 विदेशी सहायता प्राप्त योजनाएँ /परियोजनाएँ

ईको सिस्टम सर्विसेस इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट Ecosystem Service Improvment Project (ESIP) :

विश्व बैंक सहायता से शत प्रतिशत वित्त पोषित परियोजना 16/08/2017 को स्वीकृत की गई है। यह परियोजना केवल मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में क्रियांवित की जा रही हैं। इस योजना के परिणामों के आधार पर योजना को पूरे देश में लागू किया जावेगा।

योजना के तहत मध्यप्रदेश राज्य को रू. 49.27 करोड़ की राशि ग्रांट के रूप में प्राप्त होगी। यह योजना 16.08.2017 से 31.07.2022 तक संचालित होगी। इस योजना का क्रियान्वयन भारत सरकार पर्यावरण, वन, एवं जलवायु परिवर्तन वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार विश्व बैंक के समन्वय से किया जा रहा है।

योजना का मुख्य उद्देश्य पारिस्थितिक तंत्र/पर्यावरण सेवाओं को बढ़ावा देना, भू–जल संरक्षण हेतु संधारण क्षमता को मजबूत करना एवं छोटे लैंडस्केप से कार्बनस्टॉक को मापने की पद्धति का विकास करना, संवहनीय भूप्रबंधन विकास व वनों पर आधारित स्थानीय समुदाय को आजीविका के साधन उपलब्ध करना है।

इस योजना के क्रियान्वयन में प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता से संस्थागत क्षमता में वृद्धि, वनों की गुणवत्ता में सुधार, वनों पर निर्भर समुदायों की आजीविका में सुधार, निजी एवं सामुदायिक भूमियों के भू–क्षरण में कमी लाना तथा वन–प्रबंधन, भू–प्रबंधन एवं भू उपयोग के क्षेत्र में नवीन तकनीक का समावेश होगा।

ई.एस.आई.पी परियोजना क्षेत्रः– परियोजना मूल रूप से ग्रीन इंडिया मिशन के तहत बड़वानी, बालाघाट दक्षिण, बैतूल उत्तर एवं पश्चिम, धार, डिंडोरी, होशंगाबाद, झाबुआ, पन्ना दक्षिण, रायसेन, सागर दक्षिण, सतना, सीहोर, सेंधुआ, सिवनी दक्षिण, शिवपुरी एवं उमरिया वनमंडलों में क्रियान्वित की जा रही है।

ई.एस.आई.पी प्रदर्शन क्षेत्रः– परियोजना के प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए होशंगाबाद (5D3D6k), सीहोर (5D4A1b) एवं उत्तर बैतूल (5D5A2h) वनमण्डलों में लेवल–2 के एक–एक मिली वाटर शैड लैंडस्केप का चयन किया गया है।

वर्ष 2017–18, 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21 में स्वीकृत ए.पी.ओ. अनुसार 2448.30 (30/09/2020 तक) लाख रूपये का व्यय हुआ है। होशंगाबाद , उत्तर बैतूल एवं सिहोर वनमण्डलों में 1079 हेक्टेयर क्षेत्र में 4.44 लाख पौधों का रोपण (2019–20) एवं 1345 हेक्टेयर क्षेत्र में 2.70 लाख पौधों का रोपण (2020–21) किया गया है। होशंगाबाद , उत्तर बैतूल एवं सिहोर वनमण्डलों में 600 हेक्टेयर (ए.पी.ओ. 2020–21) नए क्षेत्रों का चयन किया गया है जिसके अन्तर्गत क्षेत्र तैयारी, मृदा एवं जल संरक्षण कार्य एवं रोजगार मूलक गतिविधियॉ करायी जा रही है।

ईको सिस्टम सर्विसेस इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट की अद्यतन प्रगति

1. वर्ष 2018–19 के अन्तर्गत 1079 हे. बिगड़े/मध्यम सघन वन क्षेत्रों का उपचार किया गया जिसके अन्तर्गत क्षेत्र तैयारी, मृदा एवं जल संरक्षण कार्य एवं रोजगार मूलक गतिविधियॉ करायी गई।

2. वर्ष 2019–20 के अन्तर्गत 1079 हे. बिगड़े/मध्यम सघन वन क्षेत्रों में 4.44 लाख पौधों का रोपण किया गया है एंव 1345 हे. बिगड़े/मध्यम सघन वन क्षेत्रों का उपचार किया गया जिसके अन्तर्गत क्षेत्र तैयारी, मृदा एवं जल संरक्षण कार्य एवं रोजगार मूलक गतिविधियॉ करायी गई।

3. वर्ष 2020–21 के अन्तर्गत 1345 हे. बिगड़े/मध्यम सघन वन क्षेत्रों में 2.70 लाख पौधों का रोपण किया गया है एंव 600 हे. नए क्षेत्रों का चयन किया गया है जिसके अन्तर्गत क्षेत्र तैयारी, मृदा एवं जल संरक्षण कार्य एवं रोजगार मूलक गतिविधियॉ करायी जा रही है।

4. होशंगाबाद, बैतूल, सीहोर, वनमंडलों में अभी तक (वर्ष 2017–21) कुल 2424 हे. बिगड़े/मध्यम सघन वन क्षेत्रों में 7.14 लाख पौधों का रोपण किया जा चुका है।

5. परियोजना अन्तर्गत अनुसंधान एवं विस्तार, भोपाल वृत्त के बांसापुर नर्सरी, सीहोर वनमण्डल का उत्थान किया गया। जिसके अंतर्गत c.c. बेड– 200, रूट ट्रेनर्स 01 लाख यूनिट, पॉली हाऊस–720 sq.m, ग्रीन हाऊस –722 sq.m, सीड ट्रीटमेन्ट प्लेटफार्म–300 sq.m, वर्मी कॉम्पोस्ट यूनिट 10X6m के 04 टैंक एवं स्प्रिंकलर सेट 200 बेड्स के लिए लगाये गये।

6. परियोजना अन्तर्गत ग्रीन इंडिया मिशन के वनमण्डलों में सर्वेक्षण कार्य हेतु 72 जी.एन.एस.एस. हेण्डसेट क्रय किये गये।

7. होशंगाबाद, बैतूल, सीहोर, वनमंडल के अंतर्गत प्लांटेशन क्षेत्रो में मृदा जल संवर्धन के कार्य जैसे 3235 बोल्डर चेकडैम, 727 बरुशवुड चेकडैम, 03 गबलियन, 21 तालाब निर्माण, 12 तालाब गहरीकरण, 1285 पार्कोलेशन टैंक, 1 वेस्टवेयर, आदि किये गए।

8. परियोजना का कार्य होशंगाबाद की इटारसी, सुकतवा एवं बानापुरा रेंज के 5 वन समितियों, उत्तर बैतूल के भौरा रेंज की 8 वन समितियों एवं सीहोर वनमंडल के बुधनी रेंज की 7 समितियों में किया जा रहा है। परियोजना गतिविधियों का लाभ 20 वनसमिति के 12969 ग्रामीणों को प्राप्त हो रहा है।

9. एक राष्ट्रीय स्तर, चार वनमण्डल स्तर, सात परिक्षेत्र स्तर एवं 24 ग्रामीण स्तर की कार्यशालायें आयोजित की गई। परियोजना क्षेत्रों के लगभग 910 वन समिति सदस्यों हेतु 17 भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किये गये।

10. वर्ष 2020–21 तक कुल 2214 ग्रामीण हितग्राहियों को आजीविका सम्बन्धी प्रशिक्षण जैसे महुआ फूलों का एकत्रीकरण जाली का उपयोग कर, मधुमक्खी पालन एवं शहद एकत्रीकरण, मशरूम उत्पादन, मुर्गी पालन, मछली पालन, प्रदान किया गया। इन 2214 हितग्राहियों में से 469 युवाओं के लिए विशेष रोजगार उन्मूलक कौशल उन्नयन प्रशिक्षण जैसे सिक्योरिटी गार्ड, लाइट मोटर वीकल ड्राइविंग, सिलाई प्रशिक्षण एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

11. आजीविका सम्बन्धी प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों में 42 प्रतिशत महिलाये है। रोजगार उन्मूलक कौशल उन्नयन प्रशिक्षण एवं आजीविका सम्बन्धी प्रशिक्षण के हितग्राहियों में 78 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति एवं 22 प्रतिशत अन्य कमजोर वर्ग के हितग्राही है।

12. ESIP प्लांटेशन (क्षेत्र तैयारी, रोपण एवं मैन्टेनन्स) एवं मृदा जल संवर्धन कार्य के अंतर्गत कुल 4,51,200 मानव दिवस रोजगार उपलब्ध करवाया गया। परियोजनाओं के अंतर्गत 76.98 % अनु.ज.जाति एवं 4.74 % अनु. जाति वर्ग को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाया गया।

13. उत्तर बैतूल वनमण्डल में 12 महिलाओं को प्रशिक्षित कर सेनेटरी पैड निर्माण करने हेतु यूनिट स्थापित किया गया।

14. कुल 123 सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं द्वारा कोविड–19 से बचाओ हेतु 1.50 लाख मास्क का निर्माण किया गया जिससे औसतन हर महिला को 2747 रूपये की आमदनी हुई।

15. "इलेक्ट्रिशियन एवं मोटर वाइंडिंग" के लिए प्रशिक्षित 33 युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की श्रेणी में प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पंचायत से 80,000 रूपये का बिजली फिटिंग सम्बंधित कार्य प्राप्त हुआ एवं एक प्रशिक्षु युवती रितिका खांडे ग्राम हांड़ीपानी को प्रशिक्षण प्रदान करने वाली स्वयं सेवी संस्थान " रूरल स्किल इंडिया" द्वारा मास्टर ट्रेनर का रोजगार 6000 रूपये प्रति माह की दर से उपलब्ध करवाया गया जो की महिला शसक्तिकरण के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम रहा है।

16. 795 महुआ जाली का वितरण कुल 626 हितग्राहियों को तीनो वन मंडलों में किया गया, जिसका उपयोग कर 988.75 क्विंटल महुआ फूल का एकत्रीकरण एवं व्यापार किया गया। महुआ फूल व्यापार से कुल 33,52,535 रूपये की हितग्राहियों को आमदनी हुई। महुआ जाल के द्वारा अच्छी गुणवत्ता के महुआ संग्रहण से ग्रामिणों को लाभ के साथ साथ अग्नि घटनाओं में कमी व वनो में पुनरुत्पादन में वृध्दि हुई।

भाग–4

4.1 पुरस्कार

पुरस्कार वितरण संबंधी कार्यवाही –

